संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार 07 अप्रैल 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 97 पृष्ठ: 08 | RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक कार्यक्रम को संबोधित करती हुई।

## बीजेपी का स्थापना दिवस, भाजपा हर चुनौती को तैयार: यूसीसी और एक देश-एक चुनाव होगा अगला मिशन: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल और कांग्रेस के शासनकाल के दमन से लेकर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में राजनीतिक हिंसा तक हर तरह की कठिनाइयों का सामना किया है, ताकि पार्टी को मजबूत किया जा सके और राष्ट्र की सेवा की जा सके।

**समान नागरिक संहिता और एक देश-एक चुनाव पर रहेगा फोकस**
वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "देश जानता है, हर चुनौती का सामना करने के लिए भाजपा ईमानदारी से कोशिश कर रही है, आगे भी करेगी। पहले भी सकारात्मक नतीजे मिले हैं और आगे भी मिलेंगे।" पीएम मोदी ने कहा, "अंग्रेजों के दौर के सैकड़ों काले कानूनों का अंत, लोकतंत्र के लिए नए संसद भवन का निर्माण, सामान्य समाज के गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण, कानून बनाकर तीन तलाक पर रोक, सीएए, अयोध्या में राम



मंदिर का निर्माण ऐसे कितने ही काम हैं, जो भाजपा के ईमानदार प्रयासों का नतीजा हैं।" उन्होंने कहा कि हमारा मिशन अभी भी

**लक्ष्य निर्धारित**
**देश जानता है, हर चुनौती का सामना करने के लिए भाजपा ईमानदारी से कोशिश कर रही है : मोदी**

जारी है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता और एक देश-एक चुनाव ऐसे सभी विषयों पर आज देश में एक गंभीर चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा, "भाजपा के कार्यकर्ता जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने में कभी पीछे नहीं हटते। उन्हें दृढ़ विश्वास था कि वे जो कड़ी मेहनत कर रहे हैं, उससे भारत का भविष्य बेहतर होगा। यही कारण है कि कार्यकताओं ने हर कठिनाई झेली, चाहे वह आपातकाल हो या कांग्रेस के शासन का दमन। कई कार्यकर्ताओं ने तो अपना जीवन भी बलिदान कर दिया।
प्रधानमंत्री ने राजनीतिक संघर्ष के शुरूआती वर्षों को याद करते हुए कहा, "हम 1984 का वह समय नहीं भूल सकते जब कांग्रेस ने रिकॉर्ड संख्या में सीटें जीती थीं, लेकिन भारत ने यह भी देखा कि उन्होंने लोगों को कैसे धोखा दिया।

# असम में जनता का उत्साह देखकर कांग्रेस पस्त: पीएम

यह जनसमर्थन कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है। कांग्रेस पहले से ही हैरान-परेशान है और मतदान से ठीक पहले इस तरह की तस्वीरें उसे और पस्त कर देंगी: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**साधा निशाना**
**कांग्रेस पहले से ही हैरान-परेशान है और मतदान से ठीक पहले इस तरह की तस्वीरें उसे और पस्त कर देग**

**टीम एक्शन इंडिया**
डिब्रूगढ़: असम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को डिब्रूगढ़ में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। जनसभा में भारी भीड़ और लोगों के उत्साह को देखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें डिब्रूगढ़ आने का कई बार अवसर मिला है, लेकिन इस बार जो जोश और उत्साह देखने को मिला है, वह अभूतपूर्व है।

**'कांग्रेस पहले से ही हैरान-परेशान'**
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह जनसमर्थन कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है। कांग्रेस पहले से ही हैरान-परेशान है और मतदान से ठीक पहले इस तरह की तस्वीरें उसे और पस्त कर देंगी। जनता का यह उत्साह एक मजबूत संदेश दे रहा है। उन्होंने असम की सांस्कृतिक विविधता और एकता की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की शानदार विरासत रही है। अहोम, कोच-राजबंशी, मोरान, मोतोक, मिसिंग, देवरी जैसे कई समाज सदियों से सौहार्द के साथ यहां रहते आए हैं। कोई असमिया बोलता है, कोई बांग्ला और कोई हिंदी, लेकिन हर किसी का सपना एक ही है, विकसित असम और विकसित भारत। उन्होंने असम के महान नेताओं और विभूतियों को भी याद किया। उन्होंने भूपेन हजारिका, गोपीनाथ बोरदोलोई और ज्योति प्रसाद अग्रवाल का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महान हस्तियों ने असम समाज को दिशा दी है। इन्हीं पूर्वजों की प्रेरणा से भाजपा-एनडीए सरकार डिब्रूगढ़ को एक बड़े व्यापारिक और आर्थिक हब के रूप में विकसित कर रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि नुमालीगढ़ से डिब्रूगढ़ तक का हाईवे कांग्रेस की असम के प्रति उपेक्षा का स्पष्ट उदाहरण है। यह परियोजना 2005 में स्वीकृत हुई थी, लेकिन 2013 तक इसमें कोई प्रगति नहीं हुई, जबकि इस दौरान केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी।

**'कांग्रेस ने असम के साथ सौतेला व्यवहार किया'**
पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के साथ सौतेला व्यवहार किया, जिसके कारण अपर असम और बराक घाटी जैसे क्षेत्रों का विकास प्रभावित हुआ। इस उपेक्षा के चलते असम लंबे समय तक पिछड़ा और विभाजित रहा। कांग्रेस के दशकों के कुशासन ने असम की कनेक्टिविटी की कोई चिंता नहीं की। बोगिबिल ब्रिज हो, भूपेन हजारिका सेतु हो, जोरहाट-माजुली सेतु हो, ब्रह्मपुत्र और अन्य नदियों पर बन रहे ऐसे सेतु इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई पर पहुंचा रहे हैं।
पीएम मोदी ने आगे कहा कि कुछ दिन पहले, दुनिया ने मोरान में एक शानदार नजारा देखा, जहां भाजपा-एनडीए सरकार द्वारा बनाए गए एक नए हाईवे पर लड़ाकू विमानों ने लैंडिंग की।



### राज्य के हरिपाद जिला में अमित शाह का रोड शो

**हरिपाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के हरिपाद जिले में एक विशाल रोड शो किया। उन्होंने आगामी नौ अप्रैल को होने वाले केरल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एनडीए उम्मीदवार संदीप वाचस्पति के लिए प्रचार किया। रोड शो में सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें से कई ने पार्टी की टोपी पहन रखी थी और भाजपा के झंडे लिए हुए थे। समर्थकों ने नारे लगाए और शाह तथा वाचस्पति के कट-आउट लहराए। यह रोड शो गांधी चौक से शुरू होकर हरिपाद के प्रमुख क्षेत्रों से गुजरा। बारिश के बावजूद भीड़ उत्साहित बनी रही। शाह ने रास्ते भर समर्थकों का अभिवादन किया। हरिपाद विधानसभा सीट पर कड़ा त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है कांग्रेस ने मौजूदा विधायक और वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला को फिर से मैदान में उतारा है। वहीं, सत्तारूढ़ एलडीएफ ने सीपीआई उम्मीदवार टी टी जिस्मोन को टिकट दिया है। एनडीए के संदीप वाचस्पति भी इस सीट पर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।

## राज्यसभा में 19 सांसदों ने ली शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय संसदीय इतिहास में आज एक नया अध्याय जुड़ गया। राज्यसभा के सभापति श्री सीपी राधाकृष्णन ने राज्यसभा कक्ष में नवनिर्वाचित और पुनर्निर्वाचित 19 सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस शपथ ग्रहण समारोह का मुख्य आकर्षण मशहूर संवैधानिक वकील डॉ मेनका गुरुस्वामी रहीं। उन्होंने पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद के रूप में शपथ लिया। मेनका गुरुस्वामी देश की पहली ऐसी सांसद हैं, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से अपनी पहचान एक क्वीर ( एलजीबीटीक्यू+ ) के रूप में साझा की है।



दीनबंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन तथा हरियाणा के राज्यपाल और कुलाधिपति असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ-साथ अन्य अतिथिगण मौजूद रहे।

थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का मामला
## अदालत में हाजिर रहें केंद्रीय गृह सचिव: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह सचिव को मंगलवार को अदालत में पेश होने को कहा है, ताकि थानों में सीसीटीवी लगाने की योजना पर सही तरीके से काम हो सके। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने आज यह आदेश दिया। कोर्ट थानों में सीसीटीवी की कमी पर स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान बेंच ने केंद्र की ओर से पेश वकील से हाल में आई एक मीडिया रिपोर्ट के बारे में पूछा। इस रिपोर्ट में बताया गया था कि एक चीनी कंपनी के बनाए हुए सीसीटीवी कैमरे कई जगह से सुरक्षा कारणों से हटा जा रहे हैं। रिपोर्ट का हवाला देते हुए जस्टिस मेहता ने कहा कि सरकार ने खुद ही निर्देश दिए हैं कि पड़ोसी देश से आए कैमरों को हटाया जाए, क्योंकि वे डाटा रिकॉर्ड करके उसी



देश में भेज रहे हैं। बेंच ने पाया, सरकार ने विशेष कैमरों को हटाने के निर्देश जारी किए हैं। केंद्र सरकार की ओर पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल राजा ठाकरे ने कहा, इस संबंध में अभी तक कोई औपचारिक आदेश पारित नहीं किया गया है। वरिष्ठ वकील इस मामले में न्यायमित्र (एमिकस क्यूरी) नियुक्त हैं। उन्होंने बेंच को बताया कि अधिकांश राज्यों ने सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं और वे केंद्रीकृत डैशबोर्ड बनाने की प्रक्रिया में हैं। जब दवे ने कहा, केरल में सबसे अच्छी व्यवस्था है, तो जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा, अगर आप कह रहे हैं कि केरल में सबसे अच्छी व्यवस्था है, तो अन्य राज्य इसका अनुसरण क्यों नहीं कर सकते? बेंच ने कहा, इस पर अधिकारियों को चर्चा करनी चाहिए। एएसजी ठाकरे ने कहा, 60 फीसदी निधि केंद्र सरकार की ओर से दी जाती है।

## हाईवे पर मवेशियों की आवाजाही रोकने की मांग, मांगा जवाब

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देशभर के राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर आवारा मवेशियों की आवाजाही रोकने के लिए दायर याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। याचिका में प्राधिकरणों को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे हाईवे पर मवेशियों के प्रवेश को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक दिशानिर्देश तैयार करें और उन्हें सख्ती से लागू करें। इस याचिका में विशेष रूप से दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे की अनिवार्य घेराबंदी (फेंसिंग) की मांग की गई है।

## असम चुनाव: कांग्रेस की मांग- रद्द की जाए सीएम सरमा की उम्मीदवारी

**टीम एक्शन इंडिया**
गुवाहाटी: जालुकबारी सीट से सरमा के खिलाफ चुनाव लड़ रहीं कांग्रेस उम्मीदवार बिदिशा नियोग ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से यह शिकायत की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के पास दुबई में दो कीमती संपत्तियां हैं। इसके अलावा अमेरिका के व्योमिंग में भी उनकी कंपनियां हैं। कांग्रेस के अनुसार, मुख्यमंत्री ने फॉर्म 26 में इन संपत्तियों का जिक्र नहीं किया। यह चुनावी नियमों का सीधा कांग्रेस ने इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भी शिकायत भेजी है। पार्टी ने धन शोधन कानून के तहत मामले की जांच करने का आग्रह किया है। मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास यूएई, मिस्र और एंटीगुआ-बारबुडा के पासपोर्ट हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी संपत्तियां शेल कंपनियों के जरिए चलाई जा रही हैं।

## होर्मुज से निकला भारत का 8वां जहाज 'ग्रीन आशा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत के 8वें जहाज ग्रीन आशा ने सफलतापूर्वक होर्मुज को पार लिया है।
एएनआई से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जहाज 'ग्रीन आशा' पर लगभग 20,000 टन एलपीजी होने का अनुमान है।
भारतीय समय के अनुसार रविवार को दोपहर 3:30 बजे ग्रीन आशा ईरान के लारक, केशम और होर्मुज द्वीपों के बीच ईरानी जल क्षेत्र से गुजरने के बाद जलडमरूमध्य के पूर्व में प्रवेश कर चुका था।



**इससे पहले आया था भारतीय जहाज 'ग्रीन सांवरी'**
सूत्रों के अनुसार, 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से, एलपीजी ले जाने वाला यह आठवां भारतीय जहाज है। जिसने इस जलडमरूमध्य को पार किया है। इस जहाज पर लगभग 46,650 मीट्रिक टन एलपीजी का कार्गो लदा था। व्यापारिक जहाजों को सहायता देने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत पूरी तरह से तैयार है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष

**जलडमरूमध्य**
**भारतीय जहाज 'ग्रीन आशा' पर लगभग 20,000 टन एलपीजी होने का अनुमान है**

के कारण समुद्री नाकेबंदी के बीच, केंद्र सरकार भारतीय जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दिलाने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ लगातार बातचीत कर रही है।

## सोनीपत: सरकार का शिक्षा, शोध और कौशल विकास पर फोकस: सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत/संजीव कौशिक**
दीनबंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार का शिक्षा, शोध और कौशल विकास पर विशेष फोकस है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन तथा हरियाणा के राज्यपाल और कुलाधिपति असीम कुमार घोष की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की बड़ी संख्या मौजूद रही। मुख्यमंत्री ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह दिन विश्वविद्यालय के इतिहास का महत्त्वपूर्ण पड़ाव है और विद्यार्थियों के जीवन का अविस्मरणीय क्षण है। शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान को भी उन्होंने सफलता का आधार बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीनबंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय महान समाज सुधारक चौधरी छोटू राम के नाम पर स्थापित है। छोटू राम ने शिक्षा को गरीबी और अज्ञानता से मुक्ति का सबसे बड़ा साधन बताया था। विश्वविद्यालय आज उनके आदर्शों को आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने शिक्षा, खेल, संस्कृति, शोध और औद्योगिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य का लक्ष्य है कि हर युवा आत्मनिर्भर बने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो। अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने हरियाणा राज्य अनुसंधान कोष के तहत 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। वर्ष 2025-26 में 350 से अधिक शोध प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग 90 प्रस्तावों को चयनित किया गया।

**चुनाव प्रचार** | *मुख्यमंत्री ने असम में किया धुआँधार प्रचार, कांग्रेस के लिए मांगे वोट*
## बदलाव के लिए तैयार असम, बनेगी कांग्रेस सरकार: मुख्यमंत्री

**पंकज शर्मा**
**शिमला/जलेश्वर**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने असम में कई जगहों पर कांग्रेस पार्टी के लिए धुआँधार प्रचार किया। उन्होंने असम की जलेश्वर और सेंगा विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे और कांग्रेस पार्टी को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता इस बार बदलाव चाहती है और पिछले दस वर्षों की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शासनकाल में भ्रष्टाचार चरम पर रहा और असम की



संपदा को लूटा गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस सरकार बनने पर सभी भ्रष्टाचार मामलों की जांच करवाई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में असम विकास की दौड़ में पिछड़ गया है और राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने गायक जुबीन गर्ग की संदिग्ध मौत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस मामले में अब तक की कार्रवाई से असम की जनता संतुष्ट नहीं है। कांग्रेस सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर इस मामले में न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस को देशहित में काम करने वाली पार्टी बताते हुए कहा कि भाजपा धर्म और जाति के आधार पर राजनीति करती है।
मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पार्टी के घोषणा-पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर असम में अपना व्यवसाय शुरू करने वाली प्रत्येक महिला को 50,000 रुपये की प्रारंभिक सहायता दी जाएगी।
इसके साथ ही बुजुर्गों को हर महीने 1,250 रुपये की पेंशन प्रदान की जाएगी, जिसके लिए एक अलग विभाग का गठन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक परिवार को इलाज के लिए 25 लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

**दावा**
**पिछले दस वर्षों की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान हो चुकी है : मुख्यमंत्री सुक्खू**

## मदुरै को मणिपुर में बदलने की कोशिश: सीएम स्टालिन

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के ठीक पहले सियासी सरगर्मी अपने चरम पर है। सोमवार को मुख्यमंत्री एम. के.स्टालिन ने एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए, क्षेत्रीय गौरव, वित्तीय अन्याय और सामाजिक सद्भाव को लेकर एनडीए पर जोरदार हमला किया। विवादित 'दीपम' मुद्दे का जिक्र करते हुए, स्टालिन ने चल रही कानूनी खींचतान की ओर इशारा किया। यह सब ऐसे समय में हो रहा है, जब मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने पहाड़ी के खंभे के ऊपर और मंदिर के पास, दोनों जगहों पर दीपक जलाने की अनुमति दे दी।





# प्लास्टिक पैकिंग पर चेतावनी जरूरी: मद्रास हाई कोर्ट के आदेश में दखल से इनकार

मामले में हाई कोर्ट ने निर्देश दिया था कि पानी, नमक और चीनी बेचने के लिए इस्तेमाल होने वाली सभी प्लास्टिक या पीईटी बोतलों और पैकिंग पर एक चेतावनी वाला लेबल होना चाहिए। इस लेबल पर साफ लिखा होना चाहिए कि इन खाद्य पदार्थों में माइक्रो या नैनो प्लास्टिक हो सकता है, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने इस मामले पर कहा, पैकेट पर चेतावनी दिखाने में कुछ भी गलत नहीं है

**निर्देश**

**कोर्ट ने आगे कहा कि सरकार शायद इस मामले में ढिलाई बरत रही हो, लेकिन हाई कोर्ट इस पर बहुत सख्त है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के एक अहम आदेश में दखल देने से साफ इनकार कर दिया है। मामले में हाई कोर्ट ने निर्देश दिया था कि पानी, नमक और चीनी बेचने के लिए इस्तेमाल होने वाली सभी प्लास्टिक या पीईटी बोतलों और पैकिंग पर एक चेतावनी वाला लेबल होना चाहिए। इस लेबल पर साफ लिखा होना चाहिए कि इन खाद्य पदार्थों में माइक्रो या नैनो प्लास्टिक हो सकता है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने इस मामले पर कहा, पैकेट पर चेतावनी दिखाने में कुछ भी गलत नहीं है। कोर्ट ने आगे कहा कि सरकार शायद इस मामले में ढिलाई बरत रही हो, लेकिन हाई कोर्ट इस पर बहुत सख्त है। कई रिपोर्टों में प्लास्टिक पैकिंग के अंदर माइक्रो प्लास्टिक होने की बात सामने आई है। कोर्ट का मानना है कि जनता को इस खतरे के बारे में पता होना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि आज का बाजार ग्राहकों की पसंद पर निर्भर है। लोग अब खुद जागरूक हो रहे हैं और उन्होंने पानी की बोतलों सहित प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करना शुरू कर दिया है।ल

**यह पूरा मामला**

'पीईटी पैकेजिंग एसोसिएशन फॉर क्लीन एनवायरनमेंट' की एक याचिका से जुड़ा है। इस संस्था ने मद्रास हाई कोर्ट के फरवरी 2024 के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (त्र्ररअक) को आदेश दिया था कि वह इस संबंध में एक नोटिफिकेशन जारी करे।

हाई कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, पानी की सभी प्लास्टिक बोतलों पर गहरे लाल रंग के मोटे अक्षरों में यह चेतावनी होनी चाहिए।

इसी तरह, प्लास्टिक में बिकने वाली चीनी और नमक के पैकेट पर भी यह जानकारी देना जरूरी है।

हाई कोर्ट ने कहा था कि वह सभी कंपनियों को इसे सख्ती से लागू करने का निर्देश दे।





## बंगाल रक्फ़ सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची अपडेट करने के लिए तय की एक दिन की समय सीमा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची अपडेट के लिए एक दिन की समयसीमा तय की है। शीर्ष कोर्ट ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) न्यायाधिकरणों को दस्तावेजों को फिर से देखने का आदेश दिया है। शीर्ष कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, हमने न्यायाधिकरणों से अनुरोध किया है कि वे पूरी दस्तावेजी प्रक्रिया को फिर से देखें, जिसमें न्यायिक अधिकारियों की ओर से दिए गए कारण भी शामिल हैं, ताकि किसी भी तरह के संदेह को दूर किया जा सके। कोर्ट ने यह भी कहा, हमने उनसे अनुरोध किया है कि पक्षों की निष्पक्ष सुनवाई की जाए। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने आज सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से हटाए गए लोगों के दावों और आपत्तियों पर न्यायिक अधिकारियों ने अब तक 59 लाख से अधिक मामलों का निपटारा कर दिया है। आयोग ने कोर्ट को बताया कि बाकी बचे दावों और आपत्तियों पर दिन में फैसला किया जाएगा, ताकि सभी मामलों का निपटारा समय पर हो सके। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि शेष मतदाताओं की पूरक सूची आज रात प्रकाशित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने उस पत्र का हवाला दिया, जो कलकत्ता हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने भेजा था। इस पत्र में बताया गया कि हटाए गए 60 लाख मतदाताओं के दावों पर लगातार काम चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि मालदा जिले में लगभग आठ लाख दावों का निपटारा कर दिया गया है। कोर्ट ने इस प्रगति पर संतोष जताया और कहा कि शेष मामलों का निपटारा भी जल्द पूरा होना चाहिए।

## मालदा घटना पर सुप्रीम कोर्ट सख्त: हाईकोर्ट सीजे का फोन न उठाने पर मुख्य सचिव को लगाई फटकार, कहा- माफी मांगो

**नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों के घेराव की घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को मालदा के मामले से जुड़े दस्तावेज एनआईए को सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

**एनआईए करेगी पूछताछ**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने विशेष अधिकार अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए मालदा की घटना से जुड़े सभी मामलों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि इस मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 26 लोगों से अब एनआईए पूछताछ करेगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का फोन नहीं उठाया, जो कि बेहद गंभीर लापरवाही है। कोर्ट ने मुख्य

**सख्ती**

**पश्चिम बंगाल पुलिस को मालदा के मामले से जुड़े दस्तावेज एनआईए को सौंपने का निर्देश दिया**

सचिव को निर्देश दिया कि वे इस मामले में मुख्य न्यायाधीश से माफी मांगें।

इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य की नौकरशाही पर भी तीखी टिप्पणी की। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची व जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि पश्चिम बंगाल प्रशासन की विश्वसनीयता कमजोर हो रही है और राजनीति सचिवालय और सरकारी दफ्तरों में घुस रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मालदा घटना पूर्व नियोजित और प्रेरित थी, जिसमें न्यायिक अधिकारियों को घंटों घेरा गया। कोर्ट ने एनआईए को उन 26 लोगों से पूछताछ करने का आदेश दिया, जिन्हें राज्य पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# चारधाम जाएंगे रोडवेज के टैंपो ट्रेवलर, होगी बुकिंग, बसों को चलाने की तैयारी

**तैयारी**

**चारधाम यात्रा के लिए सौ बसों का बेड़ा भी रिजर्व में रखा जाएगा। यात्रा मार्ग के वर्कशाप को भी बेहतर किया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गौचर ( चमोली)**

परिवहन निगम ने चारधाम यात्रा को लेकर तैयारी तेज की है। निगम ऋषिकेश के अलावा हरिद्वार से भी चारधाम के लिए बसों के संचालन की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा पहली बार रोडवेज चारधाम के लिए बुकिंग ट्रैंपो ट्रेवलर की सुविधा भी देगा। साथ ही यात्रा के लिए 100 बसों का बेड़ा भी रिजर्व में रखा जाएगा। अभी रोडवेज के ट्रैंपो ट्रेवलर देहरादून-मसूरी, नैनीताल-हल्द्वानी रूट पर संचालित होते हैं। इसमें फुटकर यात्री सफर करते हैं। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत रोडवेज हरिद्वार से ट्रैंपो ट्रैवलर की बुकिंग की सुविधा भी देगा। इसके लिए छह ट्रैंपो ट्रैवलर का बेड़ा रहेगा। यात्रियों की सुविधा और विकल्प को लेकर भी रोडवेज ने अधिक फोकस किया है। अभी रोडवेज की ऋषिकेश से बस सेवा चारधाम रूट पर संचालित होती है, इस बार हरिद्वार से भी बसों को चलाने की तैयारी है। चारधाम यात्रा के लिए सौ बसों का बेड़ा भी रिजर्व में रखा जाएगा। चारधाम यात्रा मार्ग के वर्कशाप को भी बेहतर किया जाएगा।

# क्या अजित पवार के विमान हादसे के पीछे साजिश थी?

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार ने सोमवार को 28 जनवरी के विमान हादसे को लेकर फिर शक जताया।

इस हादसे में तत्कालीन उप मुख्यमंत्री अजित पवार का निधन हो गया था। यह संदेह तब पैदा हुआ, जब कार्यकर्ता अंजली दमानिया ने गिरफ्तार स्वयंबू बाबा अशोक खरात और एक सहकारी ऋण समिति के बीच वित्तीय लेन-देन का आरोप लगाया।

**कार्यकर्ता अंजली दमानिया ने क्या दावा किया?**

मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंजली दमानिया ने दावा किया कि अजित पवार से जुड़े कथित हादसे के दौरान समता सहकारी ऋण समिति में लेन-देन से जुड़े एसएमएस अलर्ट में असामान्य वृद्धि देखी गई। यह उस समय की बात की बात है,

**आरोप**

**स्वयंबू बाबा अशोक खरात और एक सहकारी ऋण समिति के बीच वित्तीय लेन-देन का आरोप लगाया**

जब 28 जनवरी को विमान हादसा हुआ था। दमानिया के मुताबिक, 27 जनवरी को 17 संदेश प्राप्त हुए और अगले दिन (हादसे वाले दिन) 19 संदेश मिले। इसके बाद भी कई संदेश आए, जो सामान्य तरीके के अनुसार नहीं थे। उन्होंने कहा, ये संदेश खरात के खाते में जमा या निकासी को दर्शाते थे। रोहित पवार ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, गंभीर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि यह सामने आया है कि इसी समय अशोक खरात ने बड़े पैमाने पर वित्तीय लेनदेन किए।

# ब्रिगेडियर की मौत मामले में 10वां आरोपी गिरफ्तार, वॉक के दौरान सीने में लगी थी गोली

**टीम एक्शन इंडिया**

**गौचर ( चमोली)**

रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की मौत मामले में पुलिस ने दसवां आरोपी गिरफ्तार कर लिया है। देहरादून के चर्चित रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी हत्याकांड में पुलिस ने अब तक कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार-शनिवार (3-4 अप्रैल, 2026) की रात को एक मुठभेड़ के बाद दो मुख्य आरोपियों, शांतनु त्यागी और काविश त्यागी को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान काविश के पैर में गोली लगी थी। इन दो गिरफ्तारियों के साथ पकड़े गए आरोपियों की संख्या 9 हो गई है। इससे पहले पुलिस रोहित कुमार, मोहम्मद अखलाक, संदीप कुमार, आदित्य चौधरी, आदेश गिरी, समीर चौधरी और मोहित अरोड़ा को गिरफ्तार कर चुकी थी।

**काबू**

**दोनों कार में बैठे युवक एक-दूसरे पर ताबड़तोड़ गोलियां चला रहे थे। गोली जोशी के सीने में जा लगी**

ब्रिगेडियर मुकेश कुमार जोशी (75) अपने साढ़ू और एक साथी के साथ तुलाज ग्रीन सोसाइटी स्थित अपने निवास से मसूरी रोड की तरफ सुबह टहलने के लिए निकले थे। वह घर से करीब 200 मीटर दूर पहुंचे तो मसूरी रोड की तरफ से आ रहीं दो तेज रफ्तार कार पास से गुजरी। दोनों कार में बैठे युवक एक-दूसरे पर ताबड़तोड़ गोलियां चला रहे थे। इसी दौरान एक गोली जोशी के सीने में जा लगी, जिससे उनकी मौत हो गई थी।

**राजपुर रोड गोलीकांड के बाद सख्तीः पुलिस की लगातार चेकिंग**

देहरादून में राजपुर रोड गोलीकांड के बाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और शहर के प्रमुख चौकों पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। खासकर सुबह के समय पुलिसकर्मी चौक-चौराहों पर तैनात होकर राहगीरों और मॉर्निंग वॉक करने वालों से बातचीत कर उनकी सुरक्षा का हाल जान रहे हैं। पथरी बैग चौक सहित कई स्थानों पर पुलिस लोगों से पूछताछ कर रही है कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी या डर तो नहीं है। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें

# पूजा करने आई महिला शिवालय की चौखट पर गिर गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**आगरा : आ**गरा के इरादतनगर थाना क्षेत्र के दारापुरा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 11000 वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन मंदिर के ऊपर से गुजर रही थी, जिसके कारण मंदिर के त्रिशूल में करंट आ गया। यह करंट त्रिशूल की सरिया और उससे लटकी लोहे की जंजीर से जुड़े घंटे तक फैल गया।

दुर्भाग्यवश, इसी दौरान मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंची 49 वर्षीय पुष्पा पत्नी नीरज बाबू की करंट की चपेट में आने से मौके पर ही दुखद मृत्यु हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यह विद्युत लाइन काफी समय से मंदिर के पास से गुजर रही थी और इसमें किसी अनहोनी की आशंका पहले से ही थी। इस घटना ने विद्युत विभाग की लापरवाही को उजागर किया है। ग्रामीणों ने तत्काल उच्चाधिकारियों से मामले की जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

यह हादसा विद्युत सुरक्षा के प्रति गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। जसके कारण एक अनमोल जान चली गई।

# बीमा के रुपयों के लिए बीवी-बच्चा मारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**रामपुरः** रामपुर के गंज क्षेत्र में महिला सिपाही और उसके बेटे की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पुलिस ने मामले में महिला सिपाही के पति दान सिंह सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह हत्या बीमा की धनराशि हड़पने के लिए की गई थी। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि श्रावस्ती में तैनात सिपाही लता और उसके बेटे लड्डू 25 फरवरी को कार में आग लगने से मौत हो गई थी। गंज क्षेत्र में हुई इस घटना में पति दान सिंह घायल हो गया था। शुरूआती जांच में इसे हादसा माना गया,



लेकिन बाद में यह एक सोची-समझी साजिश निकली।

जांच में सामने आया कि दान सिंह ने ही पत्नी लता की हत्या की थी। हत्या से पहले उसने पत्नी को नशीली गोली खिलाकर बेहोश कर दिया था। बेहोशी की हालत में उस पर हथौड़ी से हमला किया गया। इसके बाद कार में आग लगा दी गई, जिससे मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। दान सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था।

बीमा की राशि के लिए हत्या

पुलिस के अनुसार, दान सिंह का मुख्य मकसद पत्नी की मौत के बाद मिलने वाली बीमा धनराशि को हड़पना था। उसने इस जघन्य अपराध को अंजाम देने के लिए साजिश रची। पहले लता को नशीली गोली दी गई ताकि वह विरोध न कर सके। फिर हथौड़ी से हमला कर उसकी जान ली गई। साक्ष्य मिटाने के लिए कार में आग लगा दी गई, जिससे यह एक दुर्घटना लगे।

**काबू**

**पुलिस के अनुसार, दान सिंह का मुख्य मकसद पत्नी की मौत के बाद मिलने वाली बीमा धनराशि को हड़पना था**

# अधिवक्ता समीर हत्याकांड: तीन दोषियों को फांसी, 10 लाख का जुर्माना



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुजफ्फरनगरः** मुजफ्फरनगर शहर कोतवाली क्षेत्र के अधिवक्ता समीर सैफी (28) की अपहरण के बाद हत्या के मामले में अदालत ने तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। एक दोषी को सात साल की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय/फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-तीन के पीठासीन अधिकारी रवि कुमार दिवाकर ने फैसला सुनाया। शहर के लद्दावाला से 15 अक्तूबर 2019 की शाम संदिग्ध हालात में अधिवक्ता समीर सैफी गायब हो गए थे। इसके बाद 19 अक्तूबर को भोपा क्षेत्र के सीकरी में शव बरामद हुआ था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि 40 लाख के लेन-देन के विवाद में अधिवक्ता का अपहरण कर हत्या की वारदात अंजाम दी गई थी।

वादी अजहर ने मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने बकरा मार्केट निवासी सोनू उर्फ रिजवान, सिंगोल अल्वी, शालू उर्फ अरबाज एवं भोपा के सीकरी निवासी दिनेश के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से छह गवाह अदालत में पेश किए। शनिवार को आरोपियों पर दोष सिद्ध हुआ था। अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए सोनू उर्फ रिजवान, सिंगोल अल्वी, शालू उर्फ अरबाज को फांसी की सजा सुनाई। चौथे आरोपी दिनेश को सात साल की सजा सुनाई गई।

**क्या था मामला**

पुलिस ने खुलासा किया था कि समीर का आरोपियों के साथ करीब 40 लाख रुपये के लेन-देन का हिसाब था। मृतक अपने रुपये मांग रहा था लेकिन आरोपियों ने देने से मना कर दिया और हत्या की साजिया रची। शहर से कार में ले जाकर भोपा क्षेत्र के सीकरी फार्म पर रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को मिट्टी में दबा दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने तर्क प्रस्तुत किया गया है कि मृतक मोहम्मद समीर एडवोकेट नही था, क्योंकि वह निजी व्यापार भी करता था। इस पर अभियोजन की ओर से तर्क प्रस्तुत किया गया कि यह बात सही है कि समीर एडवोकेट पूर्व में निजी व्यापार भी करता था ।

20 मीटर क्षेत्र में हाईवे की स्थिति बेहद खराब है, यहां ऊपर से पहाड़ी टूटकर आ रही है, तो नीचे अलकनंदा बह रही है

# नंदप्रयाग में दरक रही पहाड़ी, भूस्खलन जोन बनेगा परेशानी

**परेशानी**

**25 किमी के बीच पथार्डीप भूस्खलन जोन इस बार भी चारधाम यात्रा में परेशानी का सबब बना रहेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चमोलीः** बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनला से पीपलकोटी (25 किमी) के बीच पथार्डीप भूस्खलन जोन इस बार भी चारधाम यात्रा में परेशानी का सबब बना रहेगा। हालांकि कार्यदायी संस्था एनएचआईडीसीएल (राष्ट्रीय राजमार्ग एवं ढांचागत विकास) की



ओर से करीब 60 मीटर हिस्से में भूस्खलन को रोकने के इंतजाम तो कर दिए गए हैं लेकिन 20 मीटर क्षेत्र में हाईवे की स्थिति बेहद खराब है। यहां ऊपर से पहाड़ी टूटकर आ रही है, तो नीचे अलकनंदा बह रही है। इसके अलावा मैठाणा से पीपलकोटी तक करीब 20 किलोमीटर का सफर आरामदेह बन गया है। नंदप्रयाग बाजार से ठीक पहले, चमोली चाड़ा, चमोली बाजार से आगे और बिरही चाड़ा के पास ऑल वेदर रोड परियोजना की अधूरी कटिंग होने से वाहनों का जाम लगता है। इस वर्ष भी इन जगहों पर कोई काम नहीं हुआ है। नंदप्रयाग के पास पथार्डीप भूस्खलन जोन में इन दिनों भूस्खलन वाली पहाड़ी का सुधारीकरण कार्य चल रहा है। अभी भी यहां टनों मलबा जमा है, जो बरसात में परेशानी खड़ी कर सकता है। पहाड़ी पर भूस्खलन के साथ चीड़ के पेड़ भी टूटकर आए हैं। हाईवे के किनारे सुरक्षा दीवार तो लगाई गई है लेकिन पहाड़ी से भूस्खलन होने का खतरा है। मैठाणा भूधंसाव के सुधारीकरण के लिए यहां मिट्टी का भरान किया रहा है। यहां रह-रह कर हाईवे अलकनंदा की ओर खिसक रहा है। चारधाम यात्रा शुरू होने तक यहां डामरीकरण कार्य भी हो जाएगा। चमोली बाजार के पास चाड़ा तोक में पिछले चार साल से हिल कटिंग का काम आधा-अधूरा छोड़ा गया है। जाने वाली सड़क के पास भी करीब 20 मीटर हिस्से में अधूरी हिल कटिंग से वाहनों का जाम लगेगा। इससे आगे क्षेत्रपाल भूस्खलन जोन को सुरक्षित कर दिया गया है।

# भाजपा का इतिहास संघर्ष, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक : प्रो. प्रेम कुमार धूमल

**तप**

» भाजपा कार्यकर्ताओं के तप और त्याग से बना आज का सशक्त संगठन : राकेश ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने पार्टी के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करते हुए कहा कि भाजपा आज जिस ऊंचाई पर पहुंची है, वह अनगिनत राष्ट्रनिष्ठ कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं ने अपने जीवन का हर क्षण राष्ट्र सेवा और संगठन को समर्पित किया, जिनके त्याग और तपस्या ने पार्टी को जन-जन की आवाज बनाया। प्रो. धूमल ने कार्यकर्ताओं के समर्पण, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के अटूट संकल्प को नमन करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने वाला एक विचार है।

इसी कड़ी में हमीरपुर और बड़सर में भी पार्टी का स्थापना दिवस उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। हमीरपुर में बस स्टैंड के समीप स्थित भाजपा कार्यालय में जिला, मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं वरिष्ठतम कार्यकर्ताओं के संघर्ष और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा जिला पदाधिकारियों के साथ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की। राकेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के बल पर विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनी है।

उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा, सुशासन और अंत्योदय के सिद्धांतों को लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के उपरांत जिला सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक जिला संयोजक राम कृष्ण ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

राम कृष्ण ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करना भाजपा की प्राथमिकता है तथा प्रकोष्ठ गांव-गांव तक सहकारिता की भावना को सशक्त करने के लिए निरंतर कार्य करेगा।

## जखेड़ा रोड़ पर तीन युवक 6.30 ग्राम चिट्टे संग गिरफ्तार

**राजन पुरी**

**ऊना।** जिला ऊना में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस थाना मैहतपुर की टीम ने जखेड़ा रोड़ पर नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से चिट्टा बरामद कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक रविवार रात्रि मैहतपुर पुलिस ने जखेड़ा रोड पर वाटर सप्लाई स्कीम के पास नाकाबंदी हुई थी। इसी दौरान पुलिस ने एक को जांच के लिए रोका गया। गाड़ी में सवार तीन युवक पुलिस को देखकर घबरा गए, जिससे शक और गहरा हो गया। तलाशी के दौरान वाहन से एक पॉलीथिन लिफाफा बरामद हुआ, जो सीट पर बैठे युवक की गोद में गिर गया।

# पंचायत चुनाव में अड़ंगा लगाने की मुख्यमंत्री की एक और कोशिश नाकाम : जयराम ठाकुर

**मनमानी**

» विधानसभा में अगर सुक्खू हमारी बात मानते तो आज कोर्ट में अपमानित नहीं होना पड़ता



**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी।** माननीय उच्च न्यायालय द्वारा डीसी को आरक्षण रोस्टर में 5त्न का कोटा देने के फैसले का स्वागत करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर हर बार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को न्यायालय में मुंह की खानी पड़ रही है, लेकिन वह बार-बार पंचायत चुनाव को किसी न किसी तरह प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। आज माननीय उच्च न्यायालय ने डीसी को आरक्षण रोस्टर में 5त्न कोटा देने के सरकार के फैसले को खारिज किया और नए सिरे से रोस्टर जारी करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस दिन सरकार ने यह असंवैधानिक कदम उठाया था, उसी दिन हमने विधानसभा परिसर के अंदर प्रदर्शन कर इसे वापस लेने की मांग की थी, अन्यथा कानूनी लड़ाई लड़ने का ऐलान किया था। मुख्यमंत्री और पूरे सदन को हमने स्पष्ट किया था कि सरकार का यह कदम भारत के संविधान के अनुच्छेद 243(डी) का खुला उल्लंघन है। इसलिए सरकार अपने इस असंवैधानिक फैसले को वापस ले और चुनाव को प्रभावित करने की अपनी मंशा से बाज आए।

हमने उसी दिन सरकार के फैसले के पड़ने वाले प्रभाव के बारे में भी सरकार को बताया था, लेकिन मुख्यमंत्री ने पहले दिन से ही पंचायत चुनाव में खलल डालने का संकल्प लिया है। इसलिए वह न तो संविधान विशेषज्ञों की सुनने को तैयार हैं और न ही संविधान की। कांग्रेस की ना तो नीति संवैधानिक है और ना ही नीयत। इसके बाद भी उनके नेता पूरे देश में घूम-घूमकर संविधान की दुहाई देते हैं और जहां मौका मिलता है, सिर्फ संविधान की धज्जियां उड़ाते हैं। सरकार बार-बार पंचायत चुनाव में अड़ंगा लगाने की कोशिश कर रही है, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पा रही है। जब राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव से संबंधित प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया, तो सरकार ने संबंधित अधिकारियों को दुष्प्रेरित किया।

## नए शैक्षणिक सत्र के साथ हिम अकादमी स्कूल में संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** नए शैक्षणिक सत्र के साथ हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारंभ, छात्रावासीय विद्यार्थियों में दिखा विशेष उत्साह हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 5 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आज उत्साहपूर्ण वातावरण में शुभारंभ हुआ। इस विशेष शिविर का संचालन विद्यालय मुख्य अध्यापिका श्रीमती कंचन लखनपाल, विद्यालय कोऑर्डिनेटर श्रीमती मनीषा मारवाह, संस्कृत भाषा अध्यापक आकर्ष शर्मा एवं आशीष रंजन द्वारा किया जा रहा है, जिसमें छात्रावासीय विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिल रही है।

# मनरेगा कार्य बंद होने पर पालकवाह में फूटा गुस्सा

**राजन पुरी**

**ऊना।** विकास खंड हरोली के अंतर्गत ग्राम पंचायत पालकवाह में मनरेगा के तहत शुरू किए गए विकास कार्यों को मात्र तीन दिनों के भीतर बंद किए जाने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त हो गया। रोजगार की उम्मीद लेकर काम पर जुटे मजदूरों को अचानक काम बंद होने की सूचना मिलने से वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।



सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवाओं ने एकत्रित होकर बीडीओ कार्यालय हरोली पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मनरेगा उनके लिए आजीविका का मुख्य साधन है और ऐसे में कार्यों को बिना किसी पूर्व सूचना के बंद करना उनके साथ अन्याय है। ग्रामीणों ने बताया कि कई परिवार पूरी तरह से दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर हैं। ऐसे में काम बंद होने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना ठोस कारण के कार्य बंद करना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। प्रदर्शन के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों का समर्थन किया। उनका कहना था कि पंचायत स्तर पर सभी औपचारिकताएं पूरी कर कार्य शुरू करवाए गए थे, बावजूद इसके काम रुकना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कहा कि मनरेगा के माध्यम से उन्हें घर के पास रोजगार मिलता है, जिससे वे अपने परिवार का पालन-पोषण कर पाती हैं।

## चंबा जिला के चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट ने राष्ट्रपति भवन का किया शैक्षणिक भ्रमण

**हामिद खान**

**चंबा।** चंबा जिला के अंतर्गत विभिन्न बाल देखभाल संस्थानों में अध्ययनरत 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत सोमवार को बच्चों ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने राष्ट्रपति भवन के विभिन्न भागों का अवलोकन कर उसके ऐतिहासिक, प्रशासनिक एवं सांस्कृतिक महत्व की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण दल के प्रभारी एवं बाल संरक्षण अधिकारी अजय भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों ने राष्ट्रपति भवन के भव्य उद्यान, संग्रहालय, विभिन्न बैठक कक्षों, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के आयोजन स्थलों सहित अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों का अवलोकन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति भवन के गाइड द्वारा बच्चों को राष्ट्रपति भवन की कार्यप्रणाली, दायित्वों एवं महत्व से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि भ्रमण के दौरान बच्चों ने उपहार कक्ष में प्रदर्शित चंबा रूमाल को देखकर विशेष गर्व एवं उत्साह का अनुभव किया। राष्ट्रपति भवन की भव्यता और गरिमा को देखकर बच्चे अत्यंत प्रभावित एवं सम्मानित महसूस कर रहे थे। इससे पूर्व बच्चों ने लाल किला, राजघाट एवं इंडिया गेट जैसे ऐतिहासिक स्थलों का भी भ्रमण किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बगवाड़ा बूथ में अनुराग ठाकुर ने मनाया भाजपा स्थापना दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भोरंज विधानसभा क्षेत्र के समीरपुर मंडल के बगवाड़ा बूथ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने सहभागिता कर कार्यकर्ताओं के साथ स्थापना दिवस मनाया।

इस अवसर पर अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से सुसज्जित भाजपा रूपी विपुल वाटिका के स्थापना दिवस की असंख्य राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं व देशवासियों को असीम शुभकामनाएं।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी को अपने त्याग, समर्पण और परिश्रम से विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाने वाले सभी श्रद्धेय महापुरुषों को नमन-वंदन तथा देवतुल्य कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करता हूं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने उद्गम के उद्देश्यों और संकल्पों पर न केवल अडिग रही है, बल्कि उन्हें सिद्ध करके भी दिखाया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में मुख्य आरोपी युवक गिरफ्तार

**राजन पुरी**

**ऊना।** हरोली थाना क्षेत्र के तहत एक गांव की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान कुश निवासी खड्ड के रूप में हुई है। वहीं मामले में छात्रा के पिता को धमकी देने वाले पूर्व प्रधान सहित दो को लेकर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। आरोपी कुश को हरोली पुलिस ने अदालत में पेश किया है।

बता दें कि हरोली के एक गांव की नाबालिग छात्रा ने खड्ड गांव के कुश पर दुराचार का आरोप लगाया था। आरोप था कि युवक उसे पएक ट्यूबवेल के कमरे में ले गया, जहां उसके साथ मारपीट की गई और दुष्कर्म किया गया। अगले दिन वह किसी तरह मौके से बाहर निकली। इस दौरान रास्ते में उसे पूर्व प्रधान सहित एक अन्य व्यकित मिला। इसी दौरान उसके पिता भी उसे ढूंढते हुए वहां पहुंच गए। आरोप है कि जब पिता ने पूर्व प्रधान सहित अन्य व्यक्ति से पूछताछ करनी चाही, तो उन्होंने परिवार को जान से मारने की धमकी दी और मामले को दबाने का दबाव बनाया। हरोली पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी युवक को घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ऊना सचिन हिरेमठ ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया गया है।

### सीएचसी में विधायक विवेक आज करेंगे अल्ट्रासाउंड मशीन व कैंटीन का उद्घाटन

**राजन पुरी**

**ऊना।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा 7 अप्रैल को सिविल अस्पताल बंगाणा में नई स्वास्थ्य सुविधाओं का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वह अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेवा तथा नई कैंटीन का विधिवत उद्घाटन करेंगे। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि सिविल अस्पताल बंगाणा में अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू होने से क्षेत्र की हजारों महिलाओं, बुजुर्गों और अन्य मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

अब लोगों को छोटी-छोटी जांच के लिए जिला मुख्यालय या अन्य बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

## हमारी पेंशन की चिंता छोड़ जनता को दस गारंटियों का हिसाब दें सीएम सुक्खू: भुट्टो

**राजन पुरी**

**ऊना।** कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर भुट्टो ने मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुक्खू को दस गारंटियों का हिसाब देने की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को भाजपा के पूर्व विधायकों की पेंशन की चिंता छोड़कर प्रदेश की जनता से किए गए वादों को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए।

सोमवार को बंगाणा से जारी ब्यान में भुट्टो ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू अपनी सरकार की नाकामियों को छुपाने के लिए अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं और जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने चुनाव के समय हिमाचल प्रदेश की जनता से दस गारंटियां देने का वादा किया था, लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी उन गारंटियों का कोई ठोस परिणाम धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा छह पूर्व विधायकों को पेंशन न देने के संबंध में जो फाइल राष्ट्रपति के पास भेजी गई थी, वह वापस आ चुकी है। उन्होंने दावा किया कि चार पूर्व विधायकों को पेंशन भी मिल रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार का यह कदम केवल राजनीतिक द्वेष की भावना से प्रेरित था।

## अवैध शराब सहित महिला गिरफ्तार

**राजन पुरी**

**ऊना।** विकास नगर ऊना में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बरामद कर एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार एएसआई सन्नी कुमार जांच अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विकास नगर ऊना क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान नीलम कुमारी की दुकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दुकान के अंदर से 24 बोतल देसी शराब और लगभग पौने दो बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि बरामद शराब अवैध रूप से रखी गई थी। इस संबंध में आरोपित नीलम कुमारी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नवगठित, विभाजन में सम्मिलित ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशित

**हामिद खान**

**चंबा।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला चंबा के अंतर्गत विकासखंड मैहला, चंबा, भटियात तथा सलूणी की पुनर्गठित, नवगठित एवं विभाजन में सम्मिलित विभिन्न ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशित कर दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि विकासखंड मैहला के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनारा, बाट, सराहन, राड़ी, किलोड़, तागी, घलूण, मैहलोक, भटवाड़ा, कलमला तथा विकासखंड चम्बा की ग्राम पंचायत उदयपुर, भनोता, सरू, चनेड तथा विकासखंड भटियात के अंतर्गत समोट, ओसल, जसूर, देवी-देहरा तथा विकासखंड सलूणी की ग्राम पंचायत

सनूह, भांदल, भसूआ, संघणी के प्रारूप जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि उक्त निर्वाचक नामावली की प्रतियां उपायुक्त कार्यालय, संबंधित ग्राम पंचायत के कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं।

मुकेश रेपसवाल ने बताया कि निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने के लिए दावा या किसी नाम के सम्मिलित किए जाने संबंधी आक्षेप या प्रविष्टियों के संबंध में आक्षेप को लेकर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो निर्धारित प्रपत्र 2, 3 एवं 4 में 13 अप्रैल 2026 तक या उससे पूर्व प्रस्तुत किया जा सकता है। प्रपत्र ग्राम पंचायत तथा खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में निशुल्क उपलब्ध होंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि सभी दावे एवं आपत्तियां पुनरीक्षण प्राधिकारी एवं संबंधित खंड विकास अधिकारी को संबोधित की जानी चाहिए। इनका प्रस्तुतिकरण व्यक्तिगत रूप से अथवा अभिकर्ता के माध्यम से किया जा सकता है या पंजीकृत डाक द्वारा भी भेजा जा सकता है।

## राजस्व मंत्री 9 से 15 अप्रैल 2026 तक किन्नौर प्रवास पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**रिकांगपिओ।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 9 से 15 अप्रैल, 2026 को किन्नौर जिला के प्रवास पर रहेंगे। राजस्व मंत्री 9 अप्रैल, 2026 को वाया छोटा कम्बा से बन रहे वैकल्पिक संपर्क सड़क का निरीक्षण करेंगे तथा भावानगर में निचार ब्लॉक के प्रभारियों एवं ग्राम कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे एवं जन-समस्याएं सुनेंगे। इसके पश्चात् निगुलसरी में शहीद हवलदार रोहित नेगी स्मारक का शिलान्यास करेंगे।

कैबिनेट मंत्री 10 अप्रैल को पूह विकास खण्ड की मूरंग तहसील के मूरंग झूला में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। 11 अप्रैल, 2026 को पूह ब्लॉक के प्रभारियों एवं ग्राम कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके पश्चात स्पीलो गांव के लिए संपर्क सडक का शुभारंभ करेंगे तथा स्पीलो बाजार में बने पार्किंग का उद्घाटन करेंगे। कैबिनेट मंत्री 12 अप्रैल, 2026 को लोक निर्माण विश्राम गृह रिकांग पिओ में पूह ब्लॉक के प्रभारियों एवं ग्राम कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे।

# फतेहपुर में विद्युत बोर्ड पेंशनर्स की बैठक, मांगों को लेकर फूटा रोष

**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** जिला कांगड़ा के विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम फतेहपुर इकाई की मासिक बैठक शिवा पैलेस फतेहपुर में इकाई प्रधान मोहिंदर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में फतेहपुर क्षेत्र के 82 विद्युत बोर्ड पेंशनर्स ने भाग लिया। इस दौरान पेंशनर्स तथा विद्युत बोर्ड से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।



बैठक को इकाई सचिव कुलजीवन डोगरा, जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं इकाई मुख्य संगठन सचिव राम लाल, इकाई उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर, भूतपूर्व इकाई अध्यक्ष एवं वर्तमान मुख्य सलाहकार धर्मवीर कपूर तथा इकाई अध्यक्ष मोहिंदर सिंह ने संबोधित किया। वक्ताओं ने हिमाचल प्रदेश सरकार व विद्युत बोर्ड प्रबंधन के पेंशनर्स के प्रति उदासीन रवैए की कड़ी निंदा की और नए वेतनमान के अनुसार देय एरियर, ग्रेच्युटी व लीव इनकैशमेंट का भुगतान शीघ्र करने की मांग उठाई। इसके साथ ही लंबित डीए की किश्तें और पहले से जारी डीए का एरियर भी तुरंत जारी करने की मांग की गी।

बैठक के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए इकाई सचिव कुलजीवन डोगरा ने कहा कि पेंशनर्स की मांगों के प्रति बोर्ड प्रबंधन का उदासीन रवैया चिंता का विषय है, जिससे पेंशनर्स में रोष व्याप्त है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मांगों को लगातार अनदेखा किया गया तो पेंशनर्स अपने हकों की लड़ाई के लिए सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

वहीं मुख्य सलाहकार धर्मवीर कपूर ने कहा कि विद्युत बोर्ड को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने की आवश्यकता है। उन्होंने फील्ड में विद्युत लाइनों के रखरखाव में भारी कमी बताते हुए कहा कि कई स्थानों पर बिजली की लाइनें पेड़ों की टहनियों से टच कर रही हैं, जिससे बिजली जमीन में खपती है और बोर्ड को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने समय-समय पर लाइनों से टच करती टहनियों की कटाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मेहली बनेगा मॉडल सोलर विलेज : उपायुक्त

**चमन शर्मा**

**शिमला।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए शिमला जिला की मेहली ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में सोमवार को हुई।

इस बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला की ग्राम पंचायत मेहली को मॉडल सोलर विलेज के तौर पर तैयार किया जाएगा। योजना के तहत पहले दस गांवों का चयन किया था। इनमें त्याल, छकड़ैल, दत्त नगर, कितबाड़ी, परहेच, शिंगला, सराहन, कुमारसैन, बौंडा, और मेहली गांव शामिल थे। गांवों की सारी औचारिकताएं पूरी करने के 28 फरवरी, 2026 तक समय दिया गया था। इनमें से केवल मेहली ग्राम पंचायत ही सारी औपचारिकताएं पूरी कर पाई। ऐसे में अब मेहली को एक करोड़ रुपए का पुरस्कार मिलेगा।

इस योजना के तहत अब तक जिला में 657 आवेदन ही प्राप्त हुए हैं। इनमें से 231 में इंस्टॉलेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। इन से 803 किलोवाट सौर ऊर्जा की क्षमता होगी । इनमें से 231 का निरीक्षण कार्य पूरा हो चुका है। इनमें से 204 आवेदनों में सब्सिडी प्रदान की जा चुकी है।

उपायुक्त ने कहा कि योजना के प्रचार-प्रसार और जनभागीदारी बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस योजना में सौर ऊर्जा अपनाने को प्रोत्साहित करके परिवारों को महत्वपूर्ण रूप से सशक्त बनाने की



क्षमता है। पंचायतों को प्रत्येक सौर छत स्थापना के लिए 1,000 रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि मिलेगी। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वह निवासियों के बीच सक्रिय रूप से जागरूकता फैलाएँ ताकि न केवल सौर ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा मिले, बल्कि पंचायतों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन भी सुनिश्चित हो सके।

## भाजपा स्थापना दिवस पर दीपकमल चक्कर में धूम-धाम से आयोजन, कार्यकर्ताओं में उत्साह

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा शिमला मुख्यालय दीपकमल चक्कर में धूम-धाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर पार्टी के प्रति अपने समर्पण और उत्साह का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. जनक राज, हंस राज, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा, सह संयोजक रामा ठाकुर, सुदीप महाजन, कोषाध्यक्ष कमल सूद, कार्यालय सह सचिव किरण बावा, इंदर ठाकुर, केशव चौहान, योग राज, शांता गौतम, नवीन सेन सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. जनक राज और हंस राज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का एक सशक्त आंदोलन है। उन्होंने कहा कि पार्टी की स्थापना राष्ट्रवाद, सुशासन और अंत्योदय के सिद्धांतों पर हुई, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया गया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग को सशक्त बनाया गया है तथा देश वैश्विक स्तर पर मजबूती से उभरा है।

# एमबीए विभाग के 21 छात्रों ने विश्वविद्यालय मेरिट सूची में बनाई जगह

**राजन पुरी**

**ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना के एमबीए विभाग के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते किया है। प्रथम सेमेस्टर में काम्या उपासना ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कल्पना देवी ने पांचवां, काजल शर्मा ने सातवां और अनु शर्मा ने आठवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा पगवी रानी, साहिबा और उगवल द्विवेदी ने संयुक्त रूप से नवां स्थान प्राप्त किया। वहीं तृतीय सेमेस्टर में प्रिधि तलवार ने तीसरा स्थान हासिल कर विभाग का गौरव बढ़ाया। अमीषा ठाकुर और पगवी ठाकुर ने संयुक्त रूप से चौथा



स्थान प्राप्त किया। सपना देवी पांचवें स्थान पर रहीं, जबकि पायल शर्मा और प्रियंका ने संयुक्त रूप से छठा स्थान प्राप्त किया। प्रीति कौशल ने सातवां स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त ऐशना, अंकिता शर्मा, गौरी पुरी, कोमल कौंडल, नमन शर्मा और संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से आठवां स्थान प्राप्त किया। जबकि बबीता शर्मा ने नवां स्थान हासिल किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने विद्यार्थियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।

# कांग्रेस की नाकामियों के खिलाफ भाजपा का शंखनाद- बूथ से शुरू होगा बदलाव : डॉ. राजीव बिंदल

**आह्वान**

**जनविरोधी सरकार को बूथ स्तर से उखाड़ फेंकने का आह्वान**



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मंडी जिला के बल्ह विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 65, बेहल में आयोजित बूथ बैठक में भाग लेते हुए कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। इस अवसर पर उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर इस जनविरोधी, भ्रष्ट और विफल कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकें। डॉ. बिंदल ने कार्यक्रम के दौरान भाजपा का ध्वज फहराकर कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरा और बूथ सशक्तिकरण को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसके बूथ कार्यकर्ता हैं, और जब बूथ मजबूत होता है तो जीत सुनिश्चित होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत करने के लिए घर-घर जाकर लोगों से संपर्क स्थापित करे और कांग्रेस सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाए। प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल में आज हर वर्ग परेशान है। महंगाई चरम पर है, बेरोजगारी बढ़ रही है, और सरकार केवल झूठे वादों और घोषणाओं में व्यस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में आते ही जनता को गुमराह किया और अब प्रदेश को आर्थिक संकट की ओर धकेल दिया है। डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति भी लगातार बिगड़ रही है और आम आदमी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

# विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम की बैठक में सरकार के प्रति जताया रोष

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम मण्डी यूनिट की मासिक वरिष्ठ नागरिक कल्याण भवन जेल रोड मण्डी में हुई । बैठक में पेंशनर्स की मांगों व समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई द्य बैठक की अध्यक्षता विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम के अध्यक्ष ई राजेश बहल ने की द्य बैठक में लगभग 110-15 के करीब पेंशनरों ने भाग लिया । सबसे पहले अपने दिवंगत साथी स्वर्गीय यादव सिंह, प्रेम सिंह फोरमैन, प्रकाश चन्द, तारा चन्द, देवकीनंदन लाइनमैन सेवानिवृत के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया । श्याम लाल उपसचिव मण्डी यूनिट ने इस मासिक बैठक की कार्यवाही आरम्भ की और अपने विचार रखे । इसके उपरान्त बैठक को डीके ठाकुर वरिष्ठ उप प्रधान, सुरेश राणा उपाध्यक्ष , जितेंद्र वालिया , कोषाध्यक्ष, श्याम लाल उप सचिव , मोहिंदर सिंह गुलेरिया, महेश प्रसाद इत्यादि वक्ताओं ने संबोधित किया । इस बैठक को संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने कहा कि विद्युत बोर्ड में जो कर्मचारी 1 जनवरी 2016 से 31 मार्च 2022 के बीच में रिटायर हुए हैं , उन्हें अभी तक अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिला है । 2016 से उनके संशोधित वेतनमान के अनुरूप उनकी लीव एनकेशमेंट , ग्रेच्युटी , संशोधित वेतनमान का एरियर इत्यादि , जो कि इन पेंशनरों के साथ घोर अन्याय है तथा जो पेंशनर्स मई 2022 के बाद रिटायर हुए हैं उनकी लीव एनकेशमेंट, ग्रेच्युटी की अदायगी जो कि दो दो साल तक नहीं की जा रही है उसे शीघ्र अति शीघ्र की जाए । राजेश बहल अध्यक्ष विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम मण्डी यूनिट ने सभी सदस्यों को 2 अप्रैल को केंद्रीय कार्यकारिणी की विद्युत बोर्ड के निर्देशक ( वित) के साथ कुमार हाउस शिमला में हुई बैठक के बारे में अवगत कराया गया

# मजबूत बूथ ही भाजपा की असली ताकत : संजय टंडन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** भारतीय जनता पार्टी के सह प्रभारी संजय टंडन ने पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर नाचन विधानसभा क्षेत्र के चंबी में बूथ नंबर 48 पर आयोजित बूथ बैठक में भाग लिया तथा विधिवत ध्वज आरोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का आधार ही उसका मजबूत बूथ संगठन है और बूथ सशक्तिकरण ही चुनावी विजय की कुंजी है। संजय टंडन ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो बूथ स्तर तक संगठित ढांचे के साथ कार्य करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि प्रत्येक बूथ को इतना सशक्त बनाया जाए कि आगामी चुनावों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा कि जब बूथ मजबूत होगा, तभी संगठन मजबूत होगा और जब संगठन मजबूत होगा, तभी प्रदेश और देश में भाजपा की सरकार और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार जनविरोधी नीतियों के कारण जनता का विश्वास पूरी तरह खो चुकी है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है, लेकिन सरकार पूरी तरह असंवेदनशील बनी हुई है। ऐसे समय में भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे घर-घर जाकर सरकार की विफलताओं को उजागर करें और भाजपा की नीतियों एवं उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं। टंडन ने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, नए मतदाताओं को जोड़ने और संगठनात्मक गतिविधियों को निरंतर जारी रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के संकल्प के साथ काम करना होगा

# नन्हे कदमों ने भरी नई उड़ान, डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरमाना के जूनियर विंग का ग्रेजुएशन डे हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर।** डीएवी सीसे स्कूल बरमाना के जूनियर विंग की ओर से ए.सी.सी. स्पोर्ट्स क्लब में ग्रेजुएशन डे बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुनील गांगटा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके साथ ही छात्रों ने समूह गान के रूप में ग्रेजुएशन डे सॉन्ग ,अडानी सांग एवं विदाई गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की सुंदर शुरुआत की। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा। इस अवसर पर विद्यालय के कुछ पूर्व छात्र भी उपस्थित थे, जिन्होंने छात्रों की मनोबल को भरपूर बढ़ाया और कार्यक्रम का आनंद लिया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य श्री सुनील गांगटा ने विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा उनके सर्वांगीण विकास की सराहना की। उन्होंने अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने अनुभव साझा किए तथा शिक्षकों और विद्यालय के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। ग्रेजुएशन डे के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों ने अपने-अपने विचार प्रकट किए तथा संस्था और शिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# कुल्लू में 170 सैनिकों को मिला सम्मान, अटल सदन में एकल अभियान का भव्य आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित अटल सदन में सैनिकों के सम्मान में एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एकल अभियान मनाली आंचल द्वारा किया गया, जिसमें कुल 170 सैनिकों और उनके परिवारजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, गणमान्य नागरिक और युवा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेत्री वर्षा ठाकुर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश के सैनिकों के अद्वितीय साहस, त्याग और समर्पण के कारण ही देश का हर नागरिक सुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि सैनिकों का सम्मान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है, और इस प्रकार के आयोजन समाज में देशभक्ति और कृतज्ञता की भावना को मजबूत करते हैं। वर्षा ठाकुर ने विशेष रूप से उन माताओं, बहनों और पत्नियों को नमन किया, जिन्होंने अपने बेटे और पति देश की सेवा के लिए समर्पित किए। उन्होंने कहा कि जब सैनिक देश की सीमाओं पर कठिन परिस्थितियों में डटे रहते हैं, तभी देशवासी अपने घरों में सुरक्षित और चैन की नींद सो पाते हैं। इस अवसर पर एकल अभियान के चार राज्यों के अध्यक्षों ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि सैनिक सम्मान का यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जा रहा है और अब तक लगभग 20 स्थानों पर सफलतापूर्वक आयोजित हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज और सैनिकों के बीच भावनात्मक संबंध को मजबूत करना है। कार्यक्रम में कुल्लू के साथ-साथ लाहौल-स्पीति क्षेत्र से आए सैनिकों और उनके परिवारजनों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। समारोह के दौरान सभी सैनिकों को सम्मान चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कई सैनिकों ने अपने अनुभव साझा किए, जिनमें सीमा पर बिताए गए कठिन क्षणों और देश सेवा के जज्बे की झलक देखने को मिली। इन अनुभवों ने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को विशेष रूप से प्रेरित किया और उनमें देश सेवा के प्रति उत्साह जगाया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, सैनिकों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन न केवल सैनिकों के सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता, राष्ट्रभक्ति और आपसी जुड़ाव को मजबूत करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# भाजपा का स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, राष्ट्र निर्माण का संकल्प : सौदान सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सौदान सिंह ने मंडी के बूथ नंबर 81, पैलेस कॉलोनी-II, वार्ड नंबर 09, सैन मोहल्ला में आयोजित भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार, एक आंदोलन और राष्ट्र निर्माण का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भाजपा आज करोड़ों कार्यकर्ताओं के परिश्रम और समर्पण से विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। यह पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर चलती है, जिसमें अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। सौदान सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास देखा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। डिजिटल इंडिया, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन और पीएम आवास योजना जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने हर कठिन परिस्थिति में पार्टी को मजबूत किया है। 1984 में मात्र 2 सीटों से शुरू हुआ सफर आज ऐतिहासिक बहुमत तक पहुंचा है, जो कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है। सौदान सिंह ने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम की विचारधारा पर चलती है और यही कारण है कि आज देश की जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस विचारधारा को और मजबूत करें तथा गांव-गांव, बूथ-बूथ तक पार्टी के संदेश को पहुंचाएं। कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# वैदिक परंपरा संग डीएवी एनटीपीसी जमथल में नए सत्र का शुभारंभ, शिक्षा के साथ संस्कारों पर जोर


**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर।** डीएवी एनटीपीसी टाउनशिप जमथल विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ वैदिक रीति-रिवाजों, मंत्रोच्चारण और हवन-यज्ञ के साथ भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर आयोजित विध्यारंभ संस्कार ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की, जिसमें नन्हे विद्यार्थियों ने अपने शैक्षिक जीवन की शुरुआत पारंपरिक ढंग से की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनटीपीसी के महाप्रबंधक एस. एस. राव व नर्मदा राव उपस्थित रहे। वहीं, मानव संसाधन विभाग की अपर महाप्रबंधक मंगला हरीनंद्रन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता की। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा एवं समस्त शिक्षकगण ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया। प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय संस्कृति में वर्णित 16 संस्कारों में से विद्यारंभ संस्कार का विशेष महत्व है, जो बच्चे के जीवन में शिक्षा के प्रथम चरण का प्रतीक होता है। मुख्यतिथि ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन और भारतीय परंपराओं से भी जोड़ना है। आर्य समाज ने हमारी वैदिक परंपरा को आज भी सदृढ़ रखा है और आधुनिक जीवन मे भी संस्कार को बनाये रखने मे तत्पर है। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके पश्चात वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ महायज्ञ संपन्न हुआ। हवन के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धा के साथ आहुतियां अर्पित कीं, जिससे पूरा वातावरण सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत हो गया।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने जारी रखा तेज़ विकास 2026 में अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**




**मंडी।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2026 में भी अपनी मजबूत विकास गति को जारी रखते हुए क्वार्टर 1 (जनवरी-मार्च)में 20028 यूनिट्स की बिक्री के साथ अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री दर्ज की है।यह पिछले वर्ष की समान अवधि में बेची गई 17138 कारों की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 2025 के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी विकास गति को बनाए रखा है और लगातार नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है जिससे भारतीय बाजार में इसकी पकड़ और मजबूत हो रही है।स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रदर्शन को स्कोडा काइलैक की मजबूत और लगातार मांग ने प्रमुख रूप से आगे बढ़ाया है जिसने हाल ही में 50000 बिक्री का आंकड़ा पार किया है। इसके साथ ही नए स्कोडा कुशाक की शुरुआत,स्कोडा स्लाविया का स्थिर योगदान और प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में स्कोडा कोडिएक की निरंतर मांग ने भी इस वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आशीष गुप्ता ब्रांड डायरेक्टर स्कोडा ऑटो इंडिया ने कहा 2026 में अपनी अब तक की सबसे बड़ी तिमाही के साथ विकास की इस तेज़ रफ्तार को जारी रखना पिछले एक वर्ष में बनाए गए हमारे मजबूत आधार का प्रमाण है।2025 में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल करने के बाद यह देखना उत्साहजनक है कि हम इस गति को बनाए रखते हुए लगातार नए मानक भी स्थापित कर रहे हैं।यह वृद्धि हमारे मजबूत और अधिक सुलभ प्रोडक्ट पोर्टफोलियो,व्यापक बाज़ार पहुंच और ग्राहक केंद्रित पहलों पर बढ़ते फोकस का परिणाम है। स्कोडा काइलैक लगातार नए ग्राहकों और नए क्षेत्रों तक ब्रांड की पहुंच बढ़ा रही है वहीं हाल ही में लॉन्च की गई स्कोडा कुशाक ने भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।इसके साथ ही स्कोडा स्लाविया और स्कोडा कोडिएक अपने अपने सेगमेंट में स्थिर मांग बनाए हुए हैं।आगे बढ़ते हुएए हमारा ध्यान प्रासंगिक उत्पादों के लॉन्च,अपने नेटवर्क के विस्तार और समग्र ओनरशिप अनुभव को बेहतर बनाकर इस गति को बनाए रखने पर केंद्रित रहेगा।

# भाजपा एक अनुशासित व मज़बूत संगठन, बुथ का हर कार्यकर्ता पार्टी की ताक़त : प्रकाश राणा



**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर भाजपा ने आज भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस बूथ स्तर पर धूमधाम से मनाया।इस अवसर पर जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने गोलवां बूथ पर झंडा फहराया तथा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सभी को भाजपा स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा एक अनुशासित और मजबूत संगठन है।जिसकी ताकत उसका हर एक बूथ का कार्यकर्ता है।पार्टी का हर एक कार्यकर्ता पार्टी के प्रति अपनी सेवा और समर्पण के लिए समर्पित है। राणा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्पण,सेवा और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा और विश्वास ही पार्टी की असली ताकत है।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर भाजपा संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया ताकि भाजपा पूरे प्रदेश में मजबूती के साथ आगे बढ़े।वहीं उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और उपलब्धियों को भी जन जन तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया।इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज जमवाल ने भी प्रदेश के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा समर्पण,और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा देखने को मिली। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का एक सशक्त माध्यम है, जिसे प्रत्येक कार्यकर्ता अपने परिश्रम और समर्पण से आगे बढ़ा रहा है।सभी वक्ताओं ने सम्माननीय कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मंडी जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजीव सूद,मंडी जिला भाजपा कार्यकारणी सदस्य मेघना ठाकुर,जोगिंद्रनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा,मंडल प्रवक्ता रविन्द्र शर्मा,महामंत्री शक्ति राणा,महामंत्री नवीन कुमार,मीडिया प्रभारी सीमा वालिया, दारटबगला पंचायत के पूर्व प्रधान जगदीश सोनी,पूर्व जिला परिषद विजय भाटिया,पूर्व जिला परिषद ममता भाटिया तथा अन्य कार्यकर्ताओं ने भी अपने अपने बूथों पर पार्टी का झंडा फहराया तथा कार्यकर्ताओं को बधाई दी एवं पार्टी की गतिविधियों से अवगत करवाया।

# मंडी जिला सीनियर क्रिकेट टीम का चयन 12 अप्रैल को

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** मंडी जिला सीनियर क्रिकेट टीम का चयन 12 अप्रैल को
मंडी जिला सीनियर क्रिकेट टीम का चयन एक दिवसीय मैचों के लिये 12 अप्रैल को ऐतिहासिक पड्डल मैदान में सुबह 9 बजे किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी के अध्यक्ष अजय राणा ने बताया कि चयन ट्रायल के लिये एक समिति का गठन किया है जो टीम का चयन करेगी।खिलाड़ी कलर्ड ड्रेस में आये। मंडी की टीम अपना पचला मैच हमीरपुर की टीम के साथ 21 अप्रैल को संतोषगढ़ के स्टेडियम में खेलेगी। मंडी टीम अपने मैच हमीरपुर, लहुलस्पिति,शिमला ,चंबा व सिरमौर के साथ खेलेगी।

# मंडी में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा हिमाचल दिवस समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** हिमाचल दिवस पर जिला स्तरीय समारोह 15 अप्रैल, 2026 को मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर आज यहां अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। डॉ. मदन कुमार ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि 15 अप्रैल को सुबह 11.00 बजे ध्वजारोहण कर भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। साथ ही परेड का निरीक्षण करेंगे और अपना संदेश देंगे। इससे पहले मुख्य अतिथि इंदिरा मार्केट परिसर में स्थित संकन गार्डन में शहीद स्मारक पर और गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। उन्होंने बताया कि मार्च पास्ट में पुलिस, गृह रक्षक, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बच्चे भाग लेंगे। समारोह में स्थानीय स्कूलों व अन्य संस्थानों द्वारा लोक संस्कृति और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने भाषा, कला एवं संस्कृति और सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरे करने को कहा। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने आयोजन से जुड़े लोक निर्माण, पुलिस, नगर निगम, जल शक्ति, विद्युत बोर्ड, गृह रक्षक, शिक्षा विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक प्रबंध समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मंडीवासियों से समारोह में सहभागिता जताने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का आग्रह भी किया।

# जब युवा पीढ़ी नशे से दूर होंगी तभी रखी जा सकती है एक आत्मनिर्भर हिमाचल और भारत की नींव : हरीश नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर।** देवली - घाघस पंचायत में विधायक त्रिलोक जमवाल व संपूर्ण भारत के चेतना संस्था अध्यक्ष हरीश नड्डा द्वारा व्यामशाला का लोकार्पण किया गया । इस मौके पर विधायक त्रिलोक जमवाल और हरीश नड्डा ने कहा कि इलाके को मात्र व्यायामशाला देना हमारा उद्देश्य नहीं बल्कि यह नशे पर एक प्रहार है ताकि हमारी युवा पीढ़ी नशे से दूर रह सके । अगर युवा पीढ़ी नशे से दूर होंगी तभी एक आत्मनिर्भर हिमाचल और आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी जा सकती है । जानकारी देते हुए प्रधान आदर्श वेलफेयर सोसायटी रवि कांत भाटिया ने बताया कि हरीश नड्डा द्वारा खेल सामग्री जिसमें बैडमिंटन किट, बॉलीवाल किट इत्यादि युवाओं को मौके पर ही उपलब्ध करवा दिए गएद्य प्रधान रवि कांत भाटिया ने विधायक त्रिलोक जमवाल और चेतना संस्था सचिव हरीश नड्डा , सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ डॉ प्रकाश चंद ठाकुर, बीसीसी आदि अशोक शर्मा, नोग पंचायत प्रधान और समस्त देवली पंचायत की जनता का धन्यवाद किया और 2027 चुनावों को ध्यान में रखते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया ।

# मंगल हवन के साथ नए सत्र का आगाज़ और रोबोटिक लैब की शुरुआत

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी,** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के अवसर पर विद्यालय में पारंपरिक हवन का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्या, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने मिलकर भाग लिया और नए सत्र के लिए सकारात्मक ऊर्जा और सफलता की कामना की।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रोबोटिक लैब का उद्घाटन भी किया गया। यह लैब आधुनिक युग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्थापित की गई है, जिससे विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।प्रधानाचार्य सोनिया पवार ने अपने संबोधन में कहा कि यह रोबोटिक लैब विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगी और उनकी रचनात्मकता एवं तकनीकी कौशल को विकसित करने में सहायक होगी।विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस नई शुरुआत से छात्र-छात्राओं को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में बेहतर समझ विकसित करने का अवसर मिलेगा,

# जिला परिषद लाहौल-स्पीति के वार्डों के आरक्षण की अधिसूचना जारी-उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना द्वारा अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन-2026 के दृष्टिगत जिला लाहौल-स्पीति में जिला परिषद के सदस्य पदों के लिए वार्डवार आरक्षण अधिसूचित कर दिया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 (संशोधित) तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) संशोधन नियम, 2026 के तहत प्राप्त प्रावधानों एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला परिषद लाहौल-स्पीति के आरक्षण की अधिसूचना जारी कर दी गई है। उपायुक्त ने बताया कि पंचायत राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिला परिषद के सभी वार्डों के लिए आरक्षण का निर्धारण नियमों के अनुसार किया गया है। अधिसूचना के अनुसार जिला परिषद लाहौल-स्पीति के अंतर्गत निम्न वार्डों का आरक्षण निर्धारित किया गया — उदयपुर - अनुसूचित जनजाति (महिला) त्रिलोकनाथ - अनुसूचित जनजाति जहालमा - अनुसूचित जनजाति (महिला) वारपा - अनुसूचित जनजाति केलांग - अनारक्षित सिस्सु - अनुसूचित जाति (महिला) आदि।

# आयुष मंत्री ने फॉर्मूलेशन समिति की बैठक प्रत्येक माह की 20 तारीख को आयोजित करने के दिए निर्देश

**बैठक**

**बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ आयुर्वेदिक औषधि निर्माता संघ की विचार-विमर्श बैठक आयोजित**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा विधि मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने और आयुर्वेदिक औषधि उद्योग को उचित प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यादविंदर गोमा सोलन ज़िला के बद्दी में बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ आयुर्वेदिक औषधि निर्माता संघ द्वारा आयोजित विचार-विमर्श बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। आयुष मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सभी प्रकार की औषधीय जड़ी-बूटियों बहुतायत में पाई जाती हैं। यहां की जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियां आयुर्वेदिक औषधियों के उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आयुष क्षेत्र को और अधिक विकसित करने में सशक्त नीति तथा उद्योग जगत का उचित सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आयुष क्षेत्र के विकास और आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माण क्षेत्र में रोज़गार तथा स्वरोज़गार की व्यापक सम्भावनाएं हैं। यादविंदर गोमा ने फॉर्मूलेशन समिति की बैठकों को नियमित रूप से प्रत्येक माह की 20 तारीख को आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि दवा निर्माण से सम्बन्धित लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित बनाया जा सके।

# डीएवी एनटीपीसी जमथल में हवन यज्ञ के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** डीएवी एनटीपीसी टाउनशिप जमथल विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ वैदिक रीति.रिवाजों, मंत्रोच्चारण और हवन.यज्ञ के साथ भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर आयोजित विध्यारंभ संस्कार ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की, जिसमें नन्हे विद्यार्थियों ने अपने शैक्षिक जीवन की शुरुआत पारंपरिक ढंग से की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनटीपीसी के महाप्रबंधक एसएस राव व नर्मदा राव उपस्थित रहे। वहीं, मानव संसाधन विभाग की अपर महाप्रबंधक मंगला हरींद्रन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता की। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा एवं समस्त शिक्षकगण ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया। प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय संस्कृति में वर्णित 16 संस्कारों में से विद्यारंभ संस्कार का विशेष महत्व है, जो बच्चे के जीवन में शिक्षा के प्रथम चरण का प्रतीक होता है। मुख्यातिथि ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन और भारतीय परंपराओं से भी जोड़ना है। आर्य समाज ने हमारी वैदिक परंपरा को आज भी सदृढ़ रखा है और आधुनिक जीवन मे भी संस्कार को बनाये रखने मे तत्पर है। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके पश्चात वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ महायज्ञ संपन्न हुआ। हवन के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धा के साथ आहुतियां अर्पित कीं, जिससे पूरा वातावरण सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिकता से ओत.प्रोत हो गया। इस आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकगण, छात्र.छात्राएं एवं उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध-डॉ. शांडिल



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. शांडिल आज यहां लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य संस्थानों की आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में स्तरोन्नत किया जा रहा है। इससे लोगों को घर-द्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगे।

उन्होंने कहा कि ज़िला सोलन के कथेड़ में लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत से 200 बिस्तरों के अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। इस अस्पताल में रोगियों को तृतीय स्तरीय ट्रांमा सेंटर की सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त अस्पताल में पृथक 50 बिस्तरों वाली मातृ एवं शिशु विंग का निर्माण भी किया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि कण्डाघाट उपमण्डल की ग्राम पंचायत क्वारग में लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत से दिव्यांगजन शिक्षा उत्कृष्ठता केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। इसमें लगभग 300 दिव्यांग बच्चों के गुणवत्तायुक्त शिक्षा, खेल मैदान तथा आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

# नोग पंचायत में नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** महिला सशक्तिकरण केवल नारों तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इसे जमीनी स्तर पर लागू करना जरूरी है।यह बात युवा नेता व समाजसेवी रोहित ठाकुर ने महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने को लेकर चलाए जा रहे अभियान दौरान सोमवार को ग्राम पंचायत नोग में कही । उन्होंने आश्वस्त किया कि महिलाओं की आवाज को उचित मंच तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी । इस पंचायत क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके सामाजिक योगदान, पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन और समाज निर्माण में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला और उन्होंने इस पहल की सराहना की। समारोह के दौरान नारी शक्ति विषय पर विशेष चर्चा भी आयोजित की गई जिसमें महिलाओं ने खुलकर अपने विचार रखे। इस आयोजन के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों, आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी के प्रति जागरूक किया गया। रोहित ठाकुर ने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और समाज को आगे बढ़ाने में उनकी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। महिलाओं ने पानी, सड़क, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य स्थानीय मुद्दों से जुड़ी अपनी परेशानियों को खुलकर सामने रखा। इस पर रोहित ठाकुर ने भरोसा दिलाया कि इन समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रभावी तरीके से उठाया जाएगा और

# ऋषिकेश अनुभाग के अंतर्गत आसपास के क्षेत्रों में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उप मण्डल-2 ई. रविन्द्र चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 07 अप्रैल को ऋषिकेश अनुभाग में बिजली की लाइनों की आवश्यक मरम्मत, पेड़ों की कांट.छांट व जीओ स्विच के पार्ट बदले के चलते कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र समलेटा, छत.2, चिकनाघाट तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति आंशिक रुप से बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

--

# ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज का साधारण अधिवेशन शिवपुर में संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाजका साधारण अधिवेशन गुरुद्वारा गुरु चरण निवास शिवपुर मैं हुआ। इस अधिवेशन की अध्यक्षता पांवटा साहिब मंडल के अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह गैरी सैनी और हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष श्री अनिल सैनी जी ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में सैनी समुदाय से लोगों शिरकत की। शिवपुर,नवादा, अकालगढ़, फूलपुर और काहनूवाला से आए हुए वरिष्ठ नागरिकों का विशेष समान ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के द्वारा किया गया। तत्पश्चात सैनी समाज से आए हुए बहुत से लोगों ने अपनी अपनी बात रखी तथा समाज की उत्थान के लिए सकारात्मक सुझाव दिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह सैनी गैरीऔर प्रदेश अध्यक्ष अनिल सैनी बताया कि इस समाज इस समाज को इकट्ठा होने की क्या जरूरत है तथा संगठित होकर समाज क्या-क्या कर सकता है? उन्होंने यह भी बताया कि की सर्वप्रथम हमारी सरकार से मांग है कि सनी कल्याण बोर्ड का शीघ्रातिशीघ्र गठन हो। उन्होंने बताया गया कि हम किस तरह महिला उत्थान, युवा रोजगार, नशा मुक्ति, मुफ्त स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर , गरीब कन्या विवाह सहायता, महिला सशक्तिकरण आदि पर हम सब इस समाज में मिलकर काम करेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि हम शीघ्र ही समाज के युवा मंडल और समाज की महिला मंडल की कार्यकारिणी भी जल्द ही बनाई जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

# डॉ. शांडिल द्वारा पूर्व पार्षद राजीव ठाकुर को श्रद्धाजंलि अर्पित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने आज यहां नगर परिषद सोलन के पूर्व पार्षद स्व. राजीव ठाकुर की स्मृति में आयोजित शोक सभा में भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की। 46 वर्षीय राजीव ठाकुर का गत दिनों लम्बी बीमारी के उपरांत दु:खद निधन हो गया था। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्व. राजीव ठाकुर सदैव समाज की भलाई के लिए कार्यरत रहे और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए योजनाबद्ध कार्य किया। उन्होंने कहा कि स्व. राजीव ठाकुर द्वारा समाज कल्याण एवं कमज़ोर वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को स्मरण रखा जाएगा। इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन भी रखा गया। शोक सभा में हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम के उपाध्यक्ष अनुराग शर्मा, जोगिन्द्रा केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, ज़िला कांग्रेस समिति सोलन के अध्यक्ष सुभाष चन्द बरमानी, नगर निगम सोलन के पार्षद व मनोनीत पार्षदगण, सेवानिवृत्त कर्नल संजय शांडिल, प्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम निदेशक मण्डल के सदस्य जतिन साहनी, हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम निदेशक बोर्ड के सदस्य अजय वर्मा, हिमाचल प्रदेश व्यापार कल्याण बोर्ड के सदस्य शोभित बहल, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल ठाकुर, कुल राकेश पंत, शिव कुमार, अंकुश सूद, जगमोहन मल्होत्रा, लक्ष्मी दत्त शर्मा, मनीष, युवा कांग्रेस के महासचिव आशु ठाकुर, प्रदेश विश्वकर्मी समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य मदन हिमाचली, रोगी कल्याण समिति के सदस्य विनीश धीर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# जमीन की खरीद में 02 करोड़ 30 लाख की ठगी

एसपी जैरथ

नाहन। नाहन ब्लॉक के मिश्र वाला गांव में जमीन खरीदने के नाम पर 2 करोड 30 लाख रुपए की ठगी का ।सनसनीखेज मामला आया है। पुलिस स्टेशन माजरा में दर्ज हुई एफआईआर के अनुसार आरोपियों ने तो जमीन की रजिस्ट्री कराई और न ही ली गईं रक़म वापस दी। एसपी एनएस नेगी ने बताया किपुलिस थाना माजरा ने माजरा थाना क्षेत्र के मिसरवाला में जमीन के नाम पर ठगी का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता आरिफ खान पुत्र श्री राशिद अली गांव व डाकघर मिसरवाला, तहसील पांवटा साहिब ने आरोप लगाया है

# ज़िला परिषद सोलन के वार्डों की आरक्षण की अधिसूचना जारी

टीम एक्शन इंडिया
**मनीष**

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 89 व हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 28 की अनुपालना में उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने ज़िला सोलन के ज़िला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डो) के आरक्षण की अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार दाड़ला, वार्ड नम्बर 1 अनारक्षित, सूरजपुर, वार्ड नम्बर 2 महिला, डुमैहार, वार्ड नम्बर 3 महिला, वाकना, वार्ड नम्बर 4 महिला, धंगील, वार्ड नम्बर 5 अनुसूचित जाति, डांगरी, वार्ड नम्बर 6 अनुसूचित जाति महिला, चेवा, वार्ड नम्बर 7 अनुसूचित जाति महिला, धर्मपुर, वार्ड नम्बर 8 अनारक्षित, टकसाल, वार्ड नम्बर 9 अनारक्षित, दाड़वा, वार्ड नम्बर 10 अनुसूचित जाति महिला, मन्धाला, वार्ड नम्बर 11 अनारक्षित, खेड़ा, वार्ड नम्बर 12 अनुसूचित जनजाति महिला, रडयाली, वार्ड नम्बर 13 अनारक्षित, दभोटा, वार्ड नम्बर 14 अनारक्षित, लग, वार्ड नम्बर 15 अनुसूचित जाति, बवासनी, वार्ड नम्बर 16 महिला तथा बगलैहड, वार्ड नम्बर 17 महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

# सिरमौर में ग्राम पंचायत प्रधान पदों का आरक्षण रोस्टर जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** जिला सिरमौर में आगामी पंचायती राज चुनाव को लेकर ग्राम पंचायत प्रधान पदों का आरक्षण रोस्टर जारी कर दिया गया है। उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा द्वारा जारी अधिसूचनाओं के अनुसार जिले के विभिन्न विकास खंडों की ग्राम पंचायतों के प्रधान पदों के लिए आरक्षण तय किया गया है। रोस्टर जारी होने के साथ ही अब जिला भर में पंचायत चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है।जारी अधिसूचनाओं के अनुसार जिला सिरमौर के नाहन, पांवटा साहिब, पच्छाद, राजगढ़, शिलाई, संगड़ाह, ददाहू और कमरऊ स्थित तिलोरधार विकास खंडों की ग्राम पंचायतों के प्रधान पदों के लिए आरक्षण घोषित किया गया है। इस बार बड़ी संख्या में पंचायतें महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति महिला, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जनजाति महिला, अन्य पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला तथा अनारक्षित श्रेणियों में आरक्षित की गई हैं। नाहन विकास खंड की सलानी कटोला, बनकला, बर्मा पापड़ी, सुरला और नाहन ग्राम पंचायतें अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित की गई हैं। आम्बवाला सैनवाला, सतीवाला, देवका पुडला और कौलावाला भूड़ पंचायतें अनुसूचित जाति वर्ग में रखी गई हैं। पालियों, मात्तर और नगल सुकेती पंचायतें अनुसूचित जनजाति महिला/अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल की गई हैं। नलका और चाकली पंचायतें अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, जबकि नेहली धीड़ा पंचायत अन्य पिछड़ा वर्ग में गई है। नाहन-द्वितीय, पंजाहल, बनेठी, देवनी और नावणी पंचायतें महिला वर्ग के लिए आरक्षित की गई हैं। वहीं धगेड़ा, विक्रमबाग, सैन की सेर, रामा धौण, काला आंब, मोगीनंद, क्यारी और त्रिलोकपुर पंचायतें अनारक्षित रखी गई हैं। पांवटा साहिब विकास खंड में अम्बोया, राजपुर, बढ़ाना और डांबरी सालवाला पंचायतें अनुसूचित जाति महिला वर्ग में आरक्षित की गई हैं। फूलपुर, भाटांवाली, किशनपुरा, बद्रीपुर, भगानी और रामपुरघाट पंचायतें अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल की गई हैं। कांडो कौथर, कोला वाला भूड, गोरखुवाला, पुरुवाला, माजरा, जामनीवाला और धौलाकुआं पंचायतें महिला वर्ग में गई हैं। ब्यास, शिवपुर, रामपुर नारापुर और बहराल पंचायतें अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित की गई हैं। जबकि बाटा मंडी, जामनीवाला, हरिपुर टोहाना, देवीनगर, मिसरवाला, कुंजा मतरालियों और निहालगढ़ जैसी पंचायतें अनारक्षित श्रेणी में रखी गई

# पंचायत समिति कण्डाघाट के वार्डों की आरक्षण की अधिसूचना जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 78 व हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 28 की अनुपालना में उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने ज़िला सोलन की पंचायत समिति कण्डाघाट के सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डो) के आरक्षण की अधिसूचना जारी की है।

अधिसूचना के अनुसार पंचायत समिति कण्डाघाट के छावशा, वार्ड नम्बर 1 अनारक्षित, तुन्दल, वार्ड नम्बर 2 अनुसूचित जाति, बीशा, वार्ड नम्बर 3 अनुसूचित जाति, बांजणी, वार्ड नम्बर 4 अनुसूचित जाति महिला, चायल, वार्ड नम्बर 5 अनारक्षित, धंगील, वार्ड नम्बर 6 अनुसूचित जाति, हिन्नर, वार्ड नम्बर 7 अनुसूचित जाति महिला, क्वारग, वार्ड नम्बर 8 अनारक्षित, सिरीनगर, वार्ड नम्बर 9 महिला, देलगी, वार्ड नम्बर 10 महिला, कोट, वार्ड नम्बर 11 महिला, ममलीग, वार्ड नम्बर 12 महिला, सतड़ोल, वार्ड नम्बर 13 अनुसूचित जाति महिला, सायरी, वार्ड नम्बर 14 अनारक्षित तथा कनैर, वार्ड नम्बर 15 महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

# बिलासपुर के लोक गायक हमीद खान लोकगीतों के लिए अलंकृत




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक संगोष्ठी ग्राम पंचायत कंदरौर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मंच के मुख्य संयोजक अमर नाथ धीमान ने की। कल्याण कला मंच बिलासपुर के साहित्यकारों और कलमकारों ने इसमें बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना और काले बाबा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मंगल ध्वनि से किया गया। साहित्यकार एवं पूर्व प्रधानाचार्य जीत राम सुमन ने मंगल ध्वनि से पंडाल को भक्ति मय बना दिया। गोदावरी ठाकुर को काले बाबा उत्कृष्ट समाज सेवा पुरस्कार 2026से सम्मानित किया गया तथा हमीद खान को काले बाबा लोक गायक सम्मान-2026 से नवाजा गया। मंच की सचिव पूजा देवी ने हमीद खान का जीवन परिचय पढ़ा जबकि समाजसेवी गोदावरी का जीवन परिचय सुरेन्द्र मिन्हास ने प्रस्तुत किया। पूजा ने कहा कि हमीद खान ने 80 से ज्यादा लोकगीत लिखे हैं। छडया जिसरा गांव क्या लैणा तिसरा नांव, गाना हमीद खान ने लिखा है। जिसे कुल्लू जिला की रवि कांता कश्यप ने दूरदर्शन पर प्रस्तुत किया था।

# निर्वाचक नामावली में संशोधन कार्यक्रम : उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जिला सिरमौर की 30 नवगठित व नवगठन में शामिल ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली में संशोधन कार्यक्रम हेतु अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में बताया गया कि मतदाता सूचियों का प्रारूप 04 अप्रैल 2026 को प्रकाशित किया जा चुका है। दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। इसके पश्चात संशोधन प्राधिकारी द्वारा इन दावों और आपत्तियों का निपटारा 17 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल, 2026 है और अपीलीय प्राधिकारी द्वारा इन अपीलों का निपटारा 27 अप्रैल, 2026 तक किया जाएगा। मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 27 अप्रैल, 2026 को या उससे पूर्व किया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार जिला सिरमौर के सभी खंड विकास अधिकारी तथा नायब तहसीलदार ददाहू को उनके संबंधित क्षेत्रों में दावों और आपत्तियों के निपटारे के लिए पुनरीक्षण प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

# शर्मा के जाने से भाजपा को फायदा नहीं, बल्कि नुकसान ही होगा: कांग्रेस



**टीम एक्शन इंडिया**
**विमल ग्रोवर**

**परवाणू।** नगर परिषद चुनाव से पहले परवाणू की राजनीति में मचे घमासान के बीच कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता ठाकुर दास शर्मा के भाजपा में शामिल होने पर जोरदार पलटवार किया है। सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेताओं ने एकजुट होकर कहा कि शर्मा के जाने से भाजपा को फायदा नहीं, बल्कि नुकसान ही होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नगर परिषद परवाणू की पूर्व अध्यक्ष मोनिशा शर्मा, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र प्रकाश गर्ग, पार्षद निशा शर्मा, मनोनीत पार्षद कांता कपूर, संजय यादव, वीरेंदर शर्मा गूगलू, राजाराम भारती, हरीश आजाद, दिनेश आजाद, पुनीत कपूर, प्रेमलता गुलेरिया, चांद कमल शर्मा, विपिन किमटा, कासीम समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। नेताओं ने साफ तौर पर कहा कि ठाकुर दास शर्मा को पार्टी में हमेशा सम्मान मिला है और उन्हें कभी नजरअंदाज नहीं किया गया। विधायक विनोद सुल्तानपुरी भी अपने परवाणू दौरो के दौरान उन्हें पूरा मान सम्मान देते रहे है।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि ठाकुर दास शर्मा कसौली ब्लॉक अध्यक्ष, प्रदेश सचिव और नगर परिषद परवाणू के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। ऐसे में उनके द्वारा लगाए गए अनदेखी के आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। नेताओं ने यह भी कहा कि उन्होंने बिना किसी संवाद के अचानक पार्टी छोड़ी, जबकि उनकी भाजपा में जाने की वजह और संभावित 'डील' के बारे में वही बेहतर बता सकते हैं। इस दौरान कांग्रेस ने नरम रुख भी दिखाया। नेताओं ने संकेत दिए कि यदि ठाकुर दास शर्मा चाहें, तो उनके सभी शिकवे दूर कर उन्हें दोबारा पार्टी में शामिल किया जा सकता है। वहीं, मोनिशा शर्मा ने अपनी कांग्रेस सदस्यता पर उठे सवालों को खारिज करते हुए कहा कि उनका परिवार वर्षों से कांग्रेस से जुड़ा रहा है और उनकी निष्ठा पर सवाल उठाना गलत है। कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र प्रकाश गर्ग ने दावा किया कि पार्टी नगर परिषद चुनाव में हर वार्ड में मजबूत उम्मीदवार उतारेगी और लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर सत्ता में वापसी करेगी। परवाणू की राजनीति में यह घटनाक्रम एक बड़ा सियासी उलटफेर माना जा रहा है। हालांकि, कांग्रेस को झटका जरूर लगा है, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने रणनीतिक रूप से वापसी का रास्ता खुला रखकर अपने राजनीतिक संतुलन को बनाए रखने की कोशिश की है।

# भाजपा ने टिक्कर में मनाया पार्टी का 47वां स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के टिक्कर बूथ पर बड़े ही उत्साह, गरिमा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर के जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने भाजपा के इतिहास, वैचारिक आधार और संगठनात्मक यात्रा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुईए जिसकी वैचारिक जड़ें श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ से जुड़ी हैं। जनसंघ के समय से ही राष्ट्रवादए सांस्कृतिक एकता और अखंड भारत की भावना पार्टी की मूल पहचान रही है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन को पार्टी की आत्मा बताते हुए कहा कि यह विचारधारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करती है। अंत्योदय के सिद्धांत के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त करने का कार्य भारतीय जनता पार्टी ने निरंतर किया है।

# नोग पंचायत में नारी शक्ति सम्मान समारोह में युवा नेता रोहित ठाकुर ने किया मातृशक्ति का सम्मान




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर की ग्राम पंचायत नोग में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन युवा नेता व समाजसेवी रोहित ठाकुर द्वारा किया गयाए जिसमें पंचायत क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके सामाजिक योगदान, पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन और समाज निर्माण में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला और उन्होंने इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के योगदान को पहचान देना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। समारोह के दौरान नारी शक्ति विषय पर विशेष चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं ने खुलकर अपने विचार रखे। इस संवाद के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों, आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी के प्रति जागरूक किया गया। रोहित ठाकुर ने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और समाज को आगे बढ़ाने में उनकी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। वहीं, कार्यक्रम की महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि नोग पंचायत के महिला मंडलों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया। महिलाओं ने पानी, सड़क, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य स्थानीय मुद्दों से जुड़ी अपनी परेशानियों को खुलकर सामने रखा। इस पर रोहित ठाकुर ने भरोसा दिलाया कि इन समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रभावी तरीके से उठाया जाएगा और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नारों तक सीमित नहीं रहना चाहिएए बल्कि इसे जमीनी स्तर पर लागू करना जरूरी है। इसके लिए समाज और प्रशासन दोनों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

## संपादकीय

# तब ऐसी अशिक्षा क्या बुरी है !

**कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केरल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गुजरात के लोगों को लेकर कहा है कि वहां के लोग 'अशिक्षित' हैं, इसलिए वहां के लोगों को पीएम मोदी आसानी से गुमराह कर सकते हैं, लेकिन केरल के लोग ज्यादा समझदार और शिक्षित हैं, इसलिए उन्हें कोई भ्रमित नहीं कर सकता। निश्चित ही यह कहकर खरगे ने न सिर्फ गुजरात के लोगों का, बल्कि उन सभी राज्यों में निवासरत भारतवासियों का अपमान किया है, जहां भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। देश में वर्तमान स्थिति के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी और उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का भारतीय राजनीति में व्यापक विस्तार है। भाजपा सीधे तौर पर या गठबंधन के माध्यम से देश के 21 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में सत्ता में है। एक तरह से देखें तो उत्तर भारत (हिंदी हृदयस्थल), पश्चिम भारत और उत्तर-पूर्व भारत के अधिकांश हिस्से में भाजपा का सीधा प्रभाव है, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार, महाराष्ट्र, पूवोत्तर के महत्वपूर्ण राज्यों में यह बड़े क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मजबूती से जुड़ी हुई है। यह भी एक तथ्य है कि भाजपा और उसके सहयोगियों वाले राज्य भारत की लगभग 60 फीसद से अधिक जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं और देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 58 से 62 प्रतिशत से अधिक हिस्सा उन राज्यों में आता है जहाँ कि आज भाजपा या एनडीए की सरकारें हैं। अब इस दिए गए खरगे के बयान के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा है कि "कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी द्वारा गुजरात के लोगों के संदर्भ में दिए गए बयान अत्यंत आपत्तिजनक और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इस प्रकार की टिप्पणी न केवल 6 करोड़ गुजरातवासियों का अपमान है, बल्कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल की पावन धरती की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती है।" गुजरात ने हमेशा राष्ट्र निर्माण, विकास और एकता में अग्रणी भूमिका निभाई है और आगे भी करता रहेगा। ऐसे बयान कांग्रेस की संकीर्ण सोच को दशार्ते हैं। यह टिप्पणी स्पष्ट करती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की विकास की राजनीति और उसे मिल रहे व्यापक जनसमर्थन से कांग्रेस कितना असहज और असुरक्षित महसूस कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की तरह ही अन्य विरोध के स्वर भी सामने आए हैं, जिन्होंने सीधे तौर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को सिरे से नकारते हुए इसे अनुचित एवं देश के आमनागरिकों का अपमान बताया है। कभी-कभी लगता है कि पिछले 11 सालों से अधिक समय से केंद्रीय सत्ता से दूर रहने के बाद भी शायद कांग्रेस समझना नहीं चाहती! यदि वास्तव में देश की जनता के मर्म को समझती तो इस तरह के संकुचित और स्वयं से भड़ास केंद्रित बयान कम से कम कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तो नहीं देते। फिर इस बयान के संदर्भ में एक दूसरा दृष्टिकोण भी है, वह यह कि यदि गुजरात के लोग अशिक्षित भी हैं तो क्या बुरा है? वे जीवन का सत्य तो गहराई से पहचानते हैं!


### नई दिल्ली कार्यालय
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

### उत्तरी दिल्ली कार्यालय
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

### चंडीगढ़ कार्यालय
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

### पंजाब कार्यालय
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

### करनाल कार्यालय
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

### सोनीपत कार्यालय
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

### शिमला कार्यालय
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

### ऊना कार्यालय
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

### देहरादून कार्यालय
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# चांद की ओर मानव वापसी: नासा का आर्टेमिस- मिशन





-सुनील कुमार महला

> "वापसी के दौरान अंतरिक्ष यान चंद्रमा के पीछे से घूमते हुए पृथ्वी की ओर आया, जिसे 'फ्री-रिटर्न ट्राजेक्टरी' कहा जाता है। इस मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों ने पृथ्वी से लगभग 4,00,171 किलोमीटर (248,655 मील) की अधिकतम दूरी तय की, जो उस समय तक किसी भी मानव द्वारा अंतरिक्ष में तय की गई सबसे अधिक दूरी थी। इस प्रकार, अपोलो 13 भले ही अपने मुख्य उद्देश्य में सफल नहीं रहा, लेकिन उसने दूरी के मामले में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। हाल फिलहाल, आर्टेमिस-2 अभियान की योजना के अनुसार, अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा से कई हजार मील दूर जाकर वापस मुड़ेंगे और फिर पृथ्वी की ओर लौटेंगे"

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का आर्टेमिस क्कमिशन चंद्रमा की ओर अग्रसर है। उल्लेखनीय है कि नासा ने 1 अप्रैल 2026 को (भारतीय समयानुसार 2 अप्रैल सुबह 3:54 बजे) इस मिशन का सफल प्रक्षेपण किया। यहां पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 1972 में अपोलो कार्यक्रम(प्रोग्राम) के बाद यह पहला अवसर है जब मानव को इतनी लंबी अंतरिक्ष यात्रा पर भेजा गया है। आर्टेमिस-2 के चारों अंतरिक्ष यात्री 3 अप्रैल को पृथ्वी की कक्षा छोड़कर चंद्रमा की ओर बढ़ चुके हैं। उपलब्ध जानकारी अनुसार यह पूरा अभियान 10 दिनों का निर्धारित है। इस अभियान के अंतर्गत शक्तिशाली स्पेस लांच सिस्टम (प्रक्षेपण यान) को फ्लोरिडा स्थित कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया, जो ओरियन स्पेसक्राफ्ट( यानी कि ओरियन यान) को लेकर गया है। इस महत्वपूर्ण अभियान में चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं-एक महिला और तीन पुरुष। इनके नाम हैं-रीड वाइसमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच तथा कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी से जेरेमी हैनसेन। गौरतलब है कि क्रिस्टीना कोच के नाम पहले ही सबसे लंबी एकल अंतरिक्ष उड़ान का कीर्तिमान दर्ज है। जानकारी के अनुसार ये चारों ही अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की परिक्रमा करेंगे। प्रक्षेपण के बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने लगभग 25 घंटे पृथ्वी के चारों ओर एक ऊँची और असमान कक्षा में चक्कर लगाया। इसके बाद ओरियन यान का मुख्य इंजन उन्हें लगभग 2,44,000 मील (3,93,000 किलोमीटर) दूर चंद्रमा की ओर ले जाएगा। यह यान चंद्रमा से लगभग 5,000 मील (8,000 किलोमीटर) आगे बढ़ते हुए पृथ्वी से अपनी अब तक की सबसे अधिक दूरी तय करेगा, जिससे अपोलो 13 का दूरी कीर्तिमान भी टूट जाएगा। इस प्रकार आर्टेमिस-2 के यात्री अब तक के सबसे दूर जाने वाले मानव बन जाएंगे। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देता चलूं कि अपोलो-13 ने मानव अंतरिक्ष इतिहास में एक महत्वपूर्ण दूरी का कीर्तिमान स्थापित किया था। वास्तव में, यह मिशन मूल रूप से चंद्रमा पर उतरने के लिए भेजा गया था, लेकिन उड़ान के दौरान हुए विस्फोट के कारण इसे बीच में ही वापस लौटना पड़ा। वापसी के दौरान अंतरिक्ष यान चंद्रमा के पीछे से घूमते हुए पृथ्वी की ओर आया, जिसे 'फ्री-रिटर्न ट्राजेक्टरी' कहा जाता है। इस मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों ने पृथ्वी से लगभग 4,00,171 किलोमीटर (248,655 मील) की अधिकतम दूरी तय की, जो उस समय तक किसी भी मानव द्वारा अंतरिक्ष में तय की गई सबसे अधिक दूरी थी। इस प्रकार, अपोलो 13 भले ही अपने मुख्य उद्देश्य में सफल नहीं रहा, लेकिन उसने दूरी के मामले में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। हाल फिलहाल, आर्टेमिस-2 अभियान की योजना के अनुसार, अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा से कई हजार मील दूर जाकर वापस मुड़ेंगे और फिर पृथ्वी की ओर लौटेंगे। चंद्रमा के पीछे से निकलने के बाद, उड़ान के दसवें दिन-अर्थात प्रक्षेपण के नौ दिन, एक घंटे और 46 मिनट बाद-वे पृथ्वी पर लौट आएंगे। यह वापसी अपोलो अभियानों की तरह प्रशांत महासागर में जल-अवतरण के रूप में होगी।इस अभियान के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के सुदूर भाग के ऐसे क्षेत्रों को देखने का अवसर मिलेगा, जिन्हें पहले कभी नहीं देखा गया। लगभग छह घंटे की निकटतम परिक्रमा के दौरान चंद्रमा एक बास्केटबॉल के आकार का दिखाई देगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि जेरेड इसाकमैन के नेतृत्व में इस अभियान में प्रेरक तस्वीरें लेने के लिए स्मार्टफोन भी शामिल किए गए हैं। नासा द्वारा साझा की गई तस्वीर में चंद्रमा की सतह पर स्थित ओरिएंटेल बेसिन स्पष्ट दिखाई देता है, जो अब तक अनदेखा क्षेत्र माना जाता रहा है-यह एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि है। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह अभियान लगभग 4,00,000 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। यान चंद्रमा की सतह पर नहीं उतरेगा और न ही उसकी कक्षा में प्रवेश करेगा, बल्कि बाहरी पथ से उसकी परिक्रमा करेगा। इस पूरे अभियान का उद्देश्य चंद्रमा के सुदूर और रहस्यमय भाग का अध्ययन करना तथा भविष्य में मानव बसावट की संभावनाओं को परखना है। अच्छी बात यह है कि लगभग 53 वर्षों बाद इस प्रकार का मानवयुक्त चंद्र अभियान संभव हो पाया है तथा वर्ष 1972 के बाद ये चारों अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की यात्रा करने वाले पहले मानव हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इससे मानव समाज में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति नया आकर्षण उत्पन्न होगा। ऐतिहासिक दृष्टि से, शीत युद्ध के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ के बीच चंद्रमा पर पहुंचने की होड़ लगी थी, जिसमें अमेरिका सफल रहा। बाद में यह प्रतिस्पर्धा धीमी पड़ गई और दशकों तक कोई बड़ा मानवयुक्त अभियान नहीं हुआ। वर्तमान में हमारे देश का पड़ोसी चीन इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे प्रतिस्पर्धा फिर तेज हो गई है। यदि आर्टेमिस-2 अभियान सफल होता है, तो अगला कदम मानव को चंद्रमा की सतह पर उतारना होगा। 'नासा' की दीर्घकालिक योजना चंद्रमा पर स्थायी मानव उपस्थिति स्थापित करने की है, जिससे अन्य ग्रहों तक पहुंच आसान हो सके। वर्तमान अंतरिक्ष केंद्र इस प्रकार के प्रक्षेपण के लिए उपयुक्त नहीं हैं, इसलिए चंद्रमा पर आधार स्थापित करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यहां यह गौरतलब है कि नासा का लक्ष्य वर्ष 2028 तक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट अंतरिक्ष यात्रियों को उतारना है। वहीं चीन 2030 तक अपने मानव अभियान की तैयारी में जुटा है, जबकि 'इसरो'(भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी) ने वर्ष 2040 तक मानव को चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य रखा है। भारत ने चंद्रयान-3 की सफलता के साथ चंद्रमा पर उतरने की क्षमता प्राप्त कर ली है और अब वहां से सुरक्षित वापसी की दिशा में कार्य कर रहा है। भारतीय वैज्ञानिक इस दिशा में पूर्ण तत्परता से कार्यरत हैं और उनके प्रयासों में निरंतरता बनी रहनी चाहिए।

अंत में यही कहूंगा कि 'नासा' का आर्टेमिस प्रोग्राम मानवता के अंतरिक्ष इतिहास में एक नई शुरूआत का प्रतीक है। इसका मुख्य उद्देश्य केवल चंद्रमा तक पहुंचना नहीं, बल्कि वहां स्थायी मानव उपस्थिति स्थापित करना और भविष्य में मंगल जैसे ग्रहों तक जाने की तैयारी करना है।

**निष्कर्षतः** यह बात कही जा सकती है कि आर्टेमिस मिशन न केवल वैज्ञानिक खोजों को नई दिशा देगा, बल्कि यह तकनीकी प्रगति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और अंतरिक्ष में मानव विस्तार की संभावनाओं को भी मजबूत करेगा। यह मिशन दशार्ता है कि आने वाला समय अंतरिक्ष में मानव सभ्यता के विस्तार का है, जहां चंद्रमा एक महत्वपूर्ण पड़ाव बनेगा।

# उत्तर प्रदेश के जातिवादी राजनैतिक दलों का बेनकाब होता चेहरा

**मृत्युंजय दीक्षित**

**उत्तर प्र**देश में सभी राजनैतिक दलों ने वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। इन चुनावों की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा लगभग स्पष्ट है जबकि सपा, बसपा व कांग्रेस सहित अन्य सभी क्षेत्रीय दलों ने भी अपनी रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। इनमें सपा और बसपा की चुनावी तैयारी कांग्रेस की तुलना में थोड़ा आगे है। लोकसभा चुनावो में प्राप्त बढ़त को बरकरार रखने के लिए सपा हर चुनावी हथकंडा अपनाते हुए तमाम समुदायों को अपने पीडीए में जोड़ने के लिए सभी संभव प्रयास कर रही है और अनेक योजनाओं की घोषणा भी कर रही है। यद्यपि प्रदेश में घटी कुछ आपराधिक घटनाओं ने समाजवादी पार्टी सहित सभी जातिवादी दलों का दोहरा चरित्र बेनकाब कर दिया है। प्रदेश के प्रयागराज में होने वाले माघ मेले में तथाकथित शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद व उनके शिष्यों और प्रशासन के मध्य हुई दुर्भाग्यपूर्ण खींचतान के बाद समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में सभी दल ब्राह्मण हितैषी बनकर भाजपा पर हमलावर थे इनका प्रयास था कि ब्राह्मण समाज येनकेन प्रकारेण भाजपा से नाराज होकर उनके पास आ जाए किंतु ऐसा अभी कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहा है कि ब्राह्मण मतदाता सपा या किसी अन्य दल के साथ जा रहा है। इसके बाद फिल, ॠघूसखोर पंडतॠ के शीर्षक को लेकर भी प्रदेश में खूब राजनीति हुई, इसी बीच ब्राह्मण शब्द का उपयोग एक सरकारी परीक्षा के प्रश्नपत्र में गलत तरह से हो गया जिससे ब्राह्मण समाज में नाराजगी फैलाने का प्रयास हुआ किंतु सतर्क भाजपा नेतृत्व ने फिलहाल इस नाराजगी को साध लिया है। कुछ भी करके चुनाव जीतने का प्रयास कर रही समाजवादी पार्टी हिंदू सनातन समाज को टुकड़ों - टुकड़ों में विभाजित कर, विभिन्न वर्गों में आपसी वैमनस्यता का भाव पैदा करके हिन्दू वोटों को बाँटने और मुस्लिम वोटों को साधने में लगी है। एक दिन समाजवादी नेता समाज के हर वर्ग को पीडीए की धारा से जोड़ने की बात करते हैं और दूसरे दिन ही ऐसी घटनाएं भी घट जाती हैं जिनके कारण उनकी असली मंशा बेनकाब हो जाती है और भाजपा को लाल टोपी वालों को सबसे बड़ा खतरा कहने का अवसर मिला जाता है। हरदोई जिले में समाजवादी नेता यदुनंदन वर्मा ने स्थनीय स्तर पर अपनी विकृत राजनीति चमकाने के लिए भगवान राम का आपत्तिजनक चरित्र चित्रण किया व माता कौशल्या के लिए भी आपत्तिजनक शब्द बोले जिसके लिए उनको जेल जाना पड़ा। जब वह जमानत पर बाहर आए तब भीम आर्मी व सपा के स्थानीय नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। समाजवादी पार्टी ने अपने नेता के उस रामद्रोही बयान की निंदा तक नहीं की। यह तथ्य भी सामने आया है कि यदुनंदन वर्मा ने करोड़ों की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है।

## विचार

# स्वास्थ्य: सभ्यता की स्थिरता, समाज की शक्ति और व्यक्ति की

**मानव** जीवन की समस्त उपलब्धियों चाहे वे विज्ञान की ऊँचाइयाँ हों, अर्थव्यवस्था की प्रगति हो या सामाजिक विकास की संरचनाएँ इन सबका मूल यदि किसी एक तत्व पर टिका है, तो वह है स्वास्थ्य। 7 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व स्वास्थ्य दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि एक गहन आत्ममंथन का अवसर है, जहाँ व्यक्ति, समाज और शासन ये तीनों को अपने-अपने दायित्वों की पुनर्समीक्षा करनी होती है।वर्तमान समय को यदि तेज गति का युग कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। तकनीक ने जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इसी सुविधा ने हमारी दिनचर्या को असंतुलित भी कर दिया है। पहले जहाँ श्रम जीवन का स्वाभाविक हिस्सा था, वहीं आज मशीनों ने उस स्थान को ले लिया है। परिणामस्वरूप, शारीरिक निष्क्रियता एक वैश्विक समस्या बनती जा रही है। यह निष्क्रियता धीरे-धीरे मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी जीवनशैली जनित बीमारियों को जन्म दे रही है। स्वास्थ्य का वास्तविक अर्थ केवल रोगों का अभाव नहीं है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक और सामाजिक, तीनों स्तरों पर पूर्ण कुशलता की अवस्था है। यदि किसी व्यक्ति का शरीर स्वस्थ है, लेकिन वह मानसिक रूप से तनावग्रस्त है या सामाजिक रूप से असुरक्षित महसूस करता है, तो वह पूर्णतः स्वस्थ नहीं कहा जा सकता। इस दृष्टि से स्वास्थ्य एक बहुआयामी अवधारणा है, जिसे केवल दवाइयों या अस्पतालों के माध्यम से नहीं, बल्कि जीवनशैली, परिवेश और सामाजिक संरचना के माध्यम से समझा जाना चाहिए। आज मानसिक स्वास्थ्य एक गंभीर और मौन संकट के रूप में उभर रहा है। प्रतिस्पर्धा, करियर का दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएँ, और सोशल मीडिया की आभासी दुनिया ने व्यक्ति को भीतर से अकेला और असंतुलित बना दिया है। अवसाद, चिंता और अनिद्रा जैसी समस्याएँ अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से फैल रही हैं। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि हमने बाहरी विकास तो कर लिया है, परंतु आंतरिक शांति कहीं पीछे छूट गई है। इसके साथ ही, पर्यावरणीय कारक भी स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल रहे हैं। वायु प्रदूषण, जल की गुणवत्ता में गिरावट, रासायनिक खाद्य पदार्थ और शहरीकरण के कारण घटती हरियाली ये सभी ऐसे तत्व हैं जो सीधे हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं। जब हम स्वच्छ हवा में सांस नहीं ले सकते और शुद्ध जल उपलब्ध नहीं होता, तो स्वास्थ्य केवल एक कल्पना बनकर रह जाता है। इसीलिए स्वास्थ्य और पर्यावरण को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता; दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और समानता भी एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। शहरों में अत्याधुनिक अस्पताल और सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है। यह असमानता न केवल सामाजिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध है, बल्कि राष्ट्रीय विकास में भी बाधक है। सभी के लिए स्वास्थ्य का लक्ष्य तभी साकार होगा जब हर व्यक्ति चाहे वह किसी भी वर्ग, क्षेत्र या आर्थिक स्थिति से जुड़ा हो–उसे समान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हों। इस संदर्भ में निवारक स्वास्थ्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि हम अपने दैनिक जीवन में कुछ सरल आदतों को शामिल कर लें- जैसे संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, योग और ध्यान- तो हम कई गंभीर बीमारियों से स्वयं को बचा सकते हैं। यह एक सच्चाई है कि बीमारी का इलाज करने से कहीं अधिक आसान और प्रभावी है उसे होने से रोकना। पारंपरिक भारतीय ज्ञान भी स्वास्थ्य के इस समग्र दृष्टिकोण को पुष्ट करता है। योग, आयुर्वेद और ध्यान केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे मन और आत्मा के संतुलन की भी बात करते हैं। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ इन परंपरागत पद्धतियों का समन्वय एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत कर सकता है, जो न केवल उपचारात्मक हो, बल्कि जीवन को संतुलित और समृद्ध बनाने वाला भी हो। हम कह सकते हैं कि विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें एक गहरी सीख देता है–कि स्वास्थ्य कोई बाहरी वस्तु नहीं, जिसे हम कहीं से प्राप्त कर लें; यह हमारे जीवन जीने के तरीके का परिणाम है। यदि हम अपने शरीर की उपेक्षा करेंगे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# स्वस्थ भारत: अस्पताल से बाहर, हर द्वार और हर घर तक

**जब** दुनिया बीमारियों और बदलावों की दोराहे पर खड़ी है, तब विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 उम्मीद, विज्ञान और नए भारत की सबसे मजबूत आवाज बनकर सामने आया है। यह केवल एक दिवस नहीं, बल्कि मानवता के सामने खड़ी उन चुनौतियों का उत्तर है, जो बीमारी, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और असंतुलित जीवनशैली के रूप में तेजी से फैल रही हैं। भारत में यह दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि देश का स्वास्थ्य परिदृश्य अब अभाव और अव्यवस्था से निकलकर विज्ञान, तकनीक और दूरदर्शिता की दिशा में आगे बढ़ चुका है। गांवों से महानगरों तक एक नई चेतना दिखाई दे रही है। ऐसा लग रहा है कि स्वास्थ्य अब केवल अस्पतालों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि हर घर और हर व्यक्ति तक पहुंचने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष की थीम केवल एक संदेश नहीं, बल्कि भविष्य को देखने का नया नजरिया है, जो हमें वन हेल्थ की व्यापक सोच तक ले जाती है। इसका अर्थ है कि इंसान, पशु, पौधे और पृथ्वी झ सभी एक-दूसरे से जुड़े हैं। यदि हवा प्रदूषित होगी, पानी दूषित होगा, जंगल कम होंगे और पशुओं में संक्रमण बढ़ेगा, तो उसका असर सीधे मनुष्य के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। आज 2026 में गैर-संचारी रोग, मानसिक तनाव, मोटापा, डायबिटीज और हृदय रोग युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रहे हैं। दूसरी ओर, जलवायु परिवर्तन नई बीमारियों का रास्ता खोल रहा है। ऐसे समय में भारत सरकार ने स्वास्थ्य को केवल इलाज तक सीमित नहीं रखा, बल्कि विज्ञान आधारित रोकथाम, जागरूकता और पर्यावरणीय संतुलन को भी अपनी नीति का आधार बनाया है। भारत ने इस दौर में सबसे अलग पहचान इसलिए बनाई है, क्योंकि यहां विज्ञान को भाषणों में नहीं, बल्कि जमीन पर उतारकर दिखाया गया है। कोविड महामारी के बाद देश ने यह समझ लिया कि विज्ञान से दूरी, संकट को और गहरा बना सकती है। इसलिए सरकार ने टीकाकरण, अनुसंधान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्वास्थ्य निगरानी और नई दवाओं के विकास को तेज गति दी। आज देश में कैंसर की रोकथाम के लिए सिंगल डोज सर्वाइकल वैक्सीन, एआई आधारित रोग पहचान प्रणाली और डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड जैसी पहलें तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

# गपोड़ी राम का पुण्य-स्कोर

**सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**रामपुर** गांव के स्वघोषित 'टेक-गुरु' गपोड़ी राम ने जब प्रधानी का चुनाव लड़ा, तो उन्होंने गांव वालों को डरा दिया कि चित्रगुप्त ने अब बही-खाता छोड़कर लैपटॉप खरीद लिया है। उनका मुख्य चुनावी मुद्दा था– 'डिजिटल पुण्य कार्ड'। गपोड़ी राम का तर्क था कि अब तक गांव के लोग जो दान-पुण्य करते थे, उसका कोई 'ट्रैक रिकॉर्ड' नहीं था, जिससे स्वर्ग के वीआईपी कोटे में धांधली हो रही थी। उन्होंने वादा किया कि जीतते ही वे गांव के हर व्यक्ति का एक 'पुण्य-स्कोर' जनरेट करेंगे, जो सीधे सैटेलाइट के जरिए परलोक के सर्वर से जुड़ा होगा। गांव के सीधे-सादे किसान, जो अब तक केवल 'राम-राम' जपने को ही काफी समझते थे, अचानक अपने 'क्रेडिट स्कोर' की तरह 'पुण्य स्कोर' को लेकर चिंतित हो गए। गपोड़ी राम ने पंचायत घर के बाहर एक पुरानी डिश एंटीना लगा दी और उसे 'ब्रह्मांडीय डेटा रिसीवर' घोषित कर दिया, जो कथित तौर पर लोगों के अच्छे कर्मों की गंध सूंघ सकता था। प्रचार के अंतिम चरण में गपोड़ी राम ने गांव के तालाब के किनारे एक 'पाप-मुक्ति स्कैनर' लगाया। यह वास्तव में एक खराब हो चुका फोटोकॉपी मशीन का ढांचा था, जिस पर नीली और लाल बत्तियां जल रही थीं। उन्होंने घोषणा की कि जो भी उन्हें वोट देने का संकल्प लेकर इस मशीन के सामने से गुजरेगा, उसके पिछले तीन चुनावों के 'चुनावी पाप' (गलत उम्मीदवार को वोट देना) तुरंत डिलीट हो जाएंगे। विपक्षी उम्मीदवार 'बुधु राम' इस हाई-टेक अध्यात्म के सामने पस्त थे; वे नाली और खड़ंजे की बात कर रहे थे, जबकि जनता को अपना परलोक सुधरता दिख रहा था। गांव की महिलाएं अपनी पुरानी साड़ियां और पुरुष अपने खाली झोले लेकर उस मशीन के सामने कतार में लग गए, इस उम्मीद में कि उनका 'पाप मीटर' शून्य हो जाएगा। गपोड़ी राम ने एक लड़का तैनात कर रखा था जो हर व्यक्ति के गुजरने पर 'बीप' की आवाज निकालता था, जिसे लोग ईश्वरीय मंजूरी समझकर गदगद हो रहे थे। मतदान के अगले दिन जब गपोड़ी राम की भारी जीत हुई, तो पूरा गांव अपना 'पुण्य कार्ड' लेने के लिए उनके घर पर उमड़ पड़ा।

# पत्रकारिता के अलग-अलग आयामों में समन्वय आवश्यकः मुख्यमंत्री योगी

मूल्य-आदर्श

मीडिया के सभी अंग समान मानक, मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप आगे बढ़ें: सीएम योगी





**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि पत्रकारिता के अलग-अलग आयामों के बीच परस्पर समन्वय होना आवश्यक है। यदि किसी एक ही तथ्य को मीडिया के अलग-अलग आयाम भिन्न-भिन्न तरीके और दृष्टिकोण से प्रस्तुत करेंगे तो आमजनमानस के सामने कन्फ्यूजन की स्थिति होगी। ऐसी स्थिति मीडिया के प्रति जनविश्वास को भी प्रभावित करेगी। इसलिए यह आवश्यक है कि मीडिया के सभी अंग समान मानक, मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सिविल लाइंस स्थित गोरखपुर क्लब सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पत्रकारिता में विभिन्न प्रकार की चुनौतियां हैं। पत्रकारिता में प्रिंट मीडिया, विजुअल मीडिया, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के स्वरूप हैं। आज परिवारों में प्रत्येक सदस्य का रूझान मीडिया के अलग अलग रूपों में रहता है। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता के सभी रूपों को समग्रता के साथ जोड़ने की मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पत्रकारिता को स्वयं को बेलगाम नहीं होने देना है बल्कि पत्रकारिता के मूल्यों व आर्दशों के साथ आगे बढ़ाना है। भारत में 200 वर्ष के पत्रकारिता का मूलभाव राष्ट्र सेवा, समाज सेवा व एक भारत श्रेष्ठ भारत का भाव रहा है। हमें इसी भाव के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज मीडिया में एक ऐसा भी वर्ग है जो समाज को गुमराह करके अशांति फैलाने का कार्य करता है।

**यह वर्ष हिन्दी पत्रकारिता के लिए बहुत महत्वपूर्ण**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी पत्रकारिता ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूती दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष हिन्दी पत्रकारिता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि 200 वर्ष पहले हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को कोलकता से हुई थी। 30 मई 1826 को जुगुल किशोर शुक्ल ने हिन्दी के पहले समाचार पत्र उदंत मार्तण्ड का शुभारम्भ किया था। जब उन्होंने पत्र निकाला तब देश गुलाम था। उन्होंने देश की आजादी के स्वर को तेज करने के लिए पत्रकारिता को माध्यम बनाया था। 200 वर्ष से बिना रूके, बिना थके, बिना डिगे पत्रकारिता की शानदार यात्रा आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की स्थापना 1998 में हुई।

# योगी ने गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम भवन पर फहराया पार्टी का झंडा

सेवाश्रम

भाजपा के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने झंडे के सम्मुख पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेल्फी ली और सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भाजपा की विकास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है। विस्तार की नहीं, विचार की है। 'अंत्योदय से राष्ट्रोदय' के संकल्प की सिद्धि की है। भाजपा के स्थापना दिवस पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिये सीएम योगी ने कहा, विश्व के सबसे विशाल राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी समर्पित कार्यकताओं को हार्दिक बधाई। भाजपा मात्र एक राजनीतिक संरचना नहीं, बल्कि श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी के उदात्त लोकतांत्रिक आदर्शों एवं सात्विक सनातनी जीवन मूल्यों से अभिसिंचित एक जीवंत विचार परंपरा है। राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत यह राष्ट्रवादी परिवार आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है, जो सेवा, संस्कार और समर्पण के संकल्प के साथ 145 करोड़ देशवासियों की आशाओं व आकांक्षाओं को निरंतर शक्ति दे रहा है। गोरखनाथ मंदिर परिसर में पार्टी का झंडा फहराने के अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, जंगल कौड़िया के ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव, भरोहिया के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अब दलहन में आत्मनिर्भर बनेगा धमतरी



आत्मनिर्भरता

दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत ग्राम लोहरसी में किसानों को उड़द बीज का वितरण किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**धमतरी।** धमतरी जिले में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू हो चुकी है। दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत ग्राम लोहरसी में किसानों को उड़द बीज का वितरण किया गया तथा उन्हें उन्नत खेती के लिए तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया गया। इस पहल से किसानों में नई उम्मीद जगी है और आधुनिक खेती की ओर उनका रुझान बढ़ रहा है। दलहन केवल एक फसल नहीं, बल्कि देश की पोषण सुरक्षा, मृदा स्वास्थ्य और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अहम आधार है। भारत दुनिया में दालों का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और आयातक है, ऐसे में उत्पादन बढ़ाना समय की जरूरत बन गया है। राष्ट्रीय पोषण संस्थान के अनुसार भारतीय आहार में प्रोटीन की कुल मात्रा में दालों का योगदान लगभग 20 से 25 प्रतिशत है, बावजूद इसके प्रति व्यक्ति खपत अनुशंसित स्तर से कम है, जिससे कुपोषण जैसी समस्याएं सामने आती हैं। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने दलहन आत्मनिर्भरता मिशन को लागू किया है। 11 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मिशन का शुभारंभ किया था।

# गुरुग्रामः सीएम ने दौलताबाद गांव में बिल्डरों की बनाई अवैध दीवार गिराने के दिए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेशभर में लंबित ततीमा से संबंधित सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में देरी के कारण आमजन को दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं, अनावश्यक विवाद और न्यायालयीन प्रक्रियाएं बढ़ती हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में 15 परिवाद रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 11 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि चार मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन लंबित मामलों की स्टेटस रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रेजांगला चौक की स्वच्छता व्यवस्था का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेजांगला चौक तथा शहीद लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक का सुनियोजित तरीके से सौंदर्यकरण



किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि रेजांगला स्मारक का समुचित सौंदर्यीकरण, पुनर्रचना (रेडिजाइनिंग) और समग्र उन्नयन किया जाए, ताकि इसे और अधिक आकर्षक, गरिमापूर्ण एवं प्रभावशाली बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन स्थानों पर

समिति

सीएम सैनी ने गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में दिए आदेश

हरित क्षेत्र विकसित किया जाए तथा नियमित सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, जिससे आमजन को एक स्वच्छ, व्यवस्थित और आकर्षक वातावरण का अनुभव हो सके। गांव दौलताबाद से आए एक शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष अवगत कराया कि उसके खेत तक जाने वाले करीब दो करम चौड़े रास्ते पर दो बिल्डर्स द्वारा अवैध कब्जा कर दीवार खड़ी कर दी गई है, जिससे उसका तथा अन्य ग्रामीणों का खेतों में आवागमन बाधित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कब्जा हटवाकर रास्ते को मूल स्वरूप में बहाल किया जाए।

संबंधित बिल्डर्स से दोनों ओर अतिरिक्त दो-दो फीट जगह भी खाली करवाई जाए, ताकि ग्रामीणों के लिए आवागमन सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

# अभद्र भाषा के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**

कोलकाताा : पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा ने एक-दूसरे पर कथित तौर पर धमकी, अभद्र भाषा और अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया। इसी के साथ मामले को लेकर चुनाव आयोग में शिकायतें दर्ज कराई हैं। यह आरोप-प्रत्यारोप राज्य के चुनावी परिदृश्य में तनाव को और बढ़ा रहा है। इस विवाद के केंद्र में भाजपा की पानीहाटी सीट से उम्मीदवार हैं, जो पिछले साल दुष्कर्म और हत्या की शिकार हुई आरजी कर अस्पताल की डॉक्टर की मां हैं।

वहीं, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई उत्तेजक टिप्पणियों पर भाजपा ने शिकायत दर्ज कराई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से रविवार को टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने एक शिकायत की। इसमें भाजपा उम्मीदवार पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ बहुत आपत्तिजनक, धमकी भरी और अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है।

# मंत्री विश्वास सारंग के सरकारी बंगले में चोरी

पोल खुली

मंत्री आवास में इस तरह की चोरी ने पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपालः** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था और वीआईपी सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खेल मंत्री विश्वास सारंग के सरकारी आवास में चोरों ने सेंध लगा दी। चोरों ने आवास के स्टोर रूम का ताला तोड़कर अंदर रखे मेडल और प्रशस्ति-पत्र उठा ले गए। यह घटना 3 अप्रैल की बताई जा रही है। खुलासा होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। जानकारी के अनुसार, मंत्री विश्वास सारंग के सरकारी बंगले पर यह वारदात हुई। टीटी नगर पुलिस ने बंगले के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि साफ-सफाई या अन्य काम के बहाने बंगले में आने-जाने वाले किसी बाहरी व्यक्ति का इस चोरी में हाथ हो सकता है। सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की जा रही है। यह घटना इसलिए भी संवेदनशील मानी जा रही है क्योंकि यह एक वीआईपी इलाके में हुई, जहां सुरक्षा व्यवस्था अन्य क्षेत्रों की तुलना में कहीं अधिक कड़ी रहती है। मंत्री आवास में इस तरह की चोरी ने पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। पुलिस अभी सभी पहलुओं की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। मंत्री विश्वास सारंग के बंगले से ट्रॉफियां, मोमेंटो, शील्ड और प्रशस्ति-पत्र चोरी हुए हैं।

# पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने बंगाल पर हमले की धमकी दी, केंद्र चुप हैः ममता

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नदिया जिले में चुनावी जनसभा के दौरान केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के कथित बयान से लेकर चुनाव प्रक्रिया तक कई मुद्दों पर सवाल उठाए। ममता बनर्जी ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा कोलकाता तक हमले की धमकी देने जैसी बात बेहद गंभीर है। उन्होंने सवाल उठाया कि इस पर भारत सरकार की ओर से अब तक कोई कड़ी प्रतिक्रिया क्यों नहीं आई।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का



मंत्री कोलकाता को निशाना बनाने की बात कैसे कर सकता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बंगाल आए थे, उन्होंने इस पर कुछ क्यों नहीं कहा? क्यों नहीं बताया कि सख्त कदम उठाए जाएंगे? हम इसकी जांच चाहते हैं। कोलकाता पर हमले की बात हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री ने आगामी चार मई को होने वाली मतगणना का जिक्र करते हुए पार्टी कार्यकताओं से सतर्क रहने को कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि शुरूआत में विपक्ष अपनी बढ़त दिखाने की कोशिश करेगा। सुबह से वे दिखाएंगे कि वही जीत रहे हैं, डरिए मत। अंत में देखिएगा, जीत हमारी होगी। मतगणना पूरी

रोजगार पर बल

पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा कोलकाता तक हमले की धमकी देने जैसी बात बेहद गंभीर है

होने तक मैदान मत छोड़िए। ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी के घोषणापत्र की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि लोगों को घर पर ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की योजना है। कहा कि डॉक्टर घर आएंगे, एक्स-रे व रक्त जांच करेंगे और जरूरत पड़ने पर अस्पताल भेजा जाएगा। ऐसी कई योजनाएं हमारे पास हैं। मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग पर भी भाजपा से नजदीकी का आरोप लगाया। उन्होंने नंदीग्राम दौरे का जिक्र करते हुए बिना नाम लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल पर निशाना साधा। कहा कि नंदीग्राम में आयोग के अधिकारी के साथ भाजपा के लोग दिखे।

इससे साफ है कि भाजपा और आयोग के बीच संबंध हैं। ममता बनर्जी ने मोथाबाड़ी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी हिंसा का समर्थन नहीं किया जा सकता, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि असली दोषियों के बजाय निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

# ईरान-इजरायल युद्ध से हिला एविएशन सेक्टर, खर्च बढ़ा और उड़ानें हुई कम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव का असर अब भारतीय विमानन कंपनियों की कमाई पर भी साफ दिखाई देने लगा है। ताजा आकलन के मुताबिक, एयरलाइंस को अब तक करीब 2,500 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। उद्योग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ईरान के साथ-साथ खासकर पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद ही रहता है तो हालात और बिगड़ सकते हैं। इसका सीधा असर भारत से यूरोप जाने वाले सबसे कमाऊ रूट्स पर पड़ेगा, जिससे कंपनियों की वित्तीय



स्थिति पर दबाव और बढ़ सकता है। दरअसल, पश्चिम एशिया भारतीय एयरलाइंस के लिए अहम अंतरराष्ट्रीय बाजार माना जाता है। लेकिन वहां जारी तनाव का सीधा असर उड़ानों पर पड़ा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि कंपनियों को रोजाना संचालित होने वाली उड़ानों में बड़ी कटौती करनी पड़ी है।

इस कटौती के कारण विमानों की क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। कई विमान खाली खड़े हैं, जिससे कंपनियों की कमाई पर लगातार दबाव बढ़ रहा है।

विमानन विशेषज्ञों के मुताबिक, इंडिगो को समर शेड्यूल में रोज करीब 310 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें चलाने की मंजूरी मिली हुई है, लेकिन फिलहाल वह अपनी कुल क्षमता का लगभग 60 प्रतिशत ही इस्तेमाल कर पा रही है।

# एनएसजी भारत का अभेद्य कवच, इनकी वजह से हम हर हाल में सुरक्षितः मोहन यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यद्यपि हमारी संस्कृति हमें सबके सुख की कामना करना सिखाती है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में दुनिया यह भी जान गई है कि यदि कोई हमें छेड़ेगा, तो हम उसे नहीं छोड़ेंगे। जो जिस भाषा में समझे, उसे उसी भाषा में समझाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) भारत का अभेद्य सुरक्षा कवच है। एनएसजी के कारण ही हमारी आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था बेहद सुदृढ़ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल स्थित लाल परेड मैदान में आयोजित एनएसजी-शो में सहभागिता कर एनएसजी द्वारा मध्य प्रदेश पुलिस के जवानों के लिए आयोजित समग्र क्षमता निर्माण प्रशिक्षण और प्रदर्शन के साझा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अतिवादी ताकतें देश के विकास में बड़ी बाधक हैं। हमें ऐसी ताकतों से पूरी मजबूती से निपटना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में बीते कालावधि में हुई किसी भी प्रकार की अतिवादी, अप्रिय घटनाओं एवं असामान्य परिस्थितियों में एनएसजी गार्ड की पूरी मुस्तैदी से मौजूदगी ने हमें यह एहसास कराया है कि एनएसजी है तो हम हर हाल में सुरक्षित हैं। एनएसजी देश की सीमा के भीतर नागरिक सुरक्षा की पक्की गारंटी की तरह है। एनएसजी के जवान अपनी जान की परवाह किए बिना राष्ट्र की रक्षा में तत्पर रहते हैं।



यह बल अपनी पेशेवर क्षमता, अनुशासन और तकनीकी दक्षता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। उन्होंने लाल परेड मैदान में आयोजित एनएसजी शो देखा और कमांडो के प्रदर्शन की सराहना की। शो के दौरान एनएसजी जवानों ने मॉक टेररिस्ट अटैक का रीयलस्टिक सीन क्रिएट कर इस तरह के अटैक्स को काउंटर कर पूरी क्षमता से निपटने के लिए एनएसजी द्वारा अपनाई जाने वाली पूरी प्रकिया एवं कार्रवाई का सजीव प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि यह शो पुरुषार्थ और साहस से पराक्रम की पराकाष्ठा के प्रदर्शन का परिचायक है। इस प्रशिक्षण प्रदर्शन में जवानों ने हवा में उड़ते हुए जो करतब दिखाए हैं, वे सच में अद्भुत है। एनएसजी जवान हमारी सुरक्षा व्यवस्था की धुरी हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम सह एनएसजी शो के शुभारंभ अवसर पर पुलिस बैंड द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसी भी प्रकार के टेररिस्ट अटैक से निपटने के लिए हम अपने सुरक्षा बलों, एटीएस और सीटीजी को और अधिक मजबूत करेंगे। सीटीजी के आधुनिकीकरण के लिए सरकार ने 200 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार की है। जल्द ही हम इस दिशा में आगे बढ़ने जा रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि टेररिस्ट अटैक को पूरी दक्षता से काउंटर करने सभी जरूरी प्रशिक्षण के लिए हमारी सरकार भोपाल जिले की हुजुर तहसील के ग्राम तूमड़ा में अत्यधुनिक प्रशिक्षण केन्द्र खोलेगी। इस सेंटर के जरिए हम अपने सुरक्षा बलों को किसी भी प्रकार की आकस्मिक आपदा एवं अतिवादी ताकतों से निपटने के लिए पूरी क्षमता से तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश के मध्य में है, इसलिए यह सेंटर देश की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारे जवान अपने हथियार और बुद्धिमत्ता से सभी प्रकार के संकटों से निपटने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सेवा और सुरक्षा के लिए हमारी सरकार हर समय तत्पर है। हमारी एटीएस आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत दीवार बनकर खड़ी है। इनकी मदद के लिए तैयार की गई काउंटर टेररिस्ट ग्रुप (सीटीजी) हमारी असॉल्ट यूनिट, आधुनिक हथियारों और मॉडर्न टेक्निक से लैस है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को अपने सशस्त्र बलों पर बेहद गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की अलग पहचान बन रही है। वर्ष 1984 में एनएसजी की स्थापना हुई।

# उपमुख्यमंत्री ने देवरी खनेटी में किया 38.08 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना का उद्घाटन

**लाभ**

» योजना से जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र की लगभग 23 पंचायतें होंगी लाभान्वित




**पंकज शर्मा**

**शिमला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज कोटखाई के देवरी खनेटी में 38.08 करोड़ रुपए से तैयार की गई पब्बर नदी से उठाऊ पेयजल योजना का उद्घाटन किया। इस 17 किलोमीटर लंबी योजना से जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र की लगभग 23 पंचायतें लाभान्वित होंगी।

उन्होंने बताया कि जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में 300 करोड़ रुपए की जल परियोजनायें चल रही हैं जिन्हें जल्दी पूरा किया जाएगा। उन्होंने 1 करोड़ 82 लाख रुपए से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी खनेटी का भी शुभारंभ किया। इस केंद्र के बनने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा।

उप मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के लोगों की पानी, परिवहन व अन्य सम्बंधित विभागों से संबंधित सभी विकास की मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार, आधुनिक हिमाचल के निर्माता वीरभद्र सिंह व जुब्बल-कोटखाई को विकास की दृष्टि से ऊंचाइयों पर ले जाने वाले रामलाल ठाकुर को याद करते हुए कहा कि इन सभी के अथक प्रयासों से आज हिमाचल विकास की दृष्टि से हर पहलु पर आगे है और निरंतरता के साथ नए आयाम स्थापित कर रहा है।



**उपमुख्यमंत्री ने दी विस क्षेत्र की सबसे बड़ी पेयजल योजना की सौग़ात : शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि आज विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विधानसभा क्षेत्र को सबसे बड़ी उठाऊ पेयजल योजना की सौगात दी है। यह एनडीबी के तहत एकमात्र योजना थी जिसके तहत 63 गाँव के हजारों लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि यहां पेयजल से संबंधित समस्या रहती थी जिसका आज निदान हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सबसे अधिक 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अतिरिक्त एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत हुआ। इसी कड़ी में देवरी खनेटी का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आज जानता को समर्पित किया गया है।

मुकेश अग्निहोत्री ने स्थानीय विधायक और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के उनके लोगों के प्रति समर्पण भाव और कार्यों को पूर्ण करने की कुशलता की सराहना करते हुए कहा कि लोगों के प्रति इनके दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वाहन करना ही इन्हें एक सशक्त व्यक्तित्व प्रदान करता है जो इन्हें अन्य से अलग बनाता है। उन्होंने कहा कि रोहित ठाकुर ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किया है चाहे शिक्षा के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करना हो, प्रदेश के सरकारी स्कूलों को सी.बी.एस.ई में परिवर्तित करना हो या विद्यालयों में आधुनिक शिक्षा व उपकरण उपलब्ध करवाना हो जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जिसके लिए जुब्बल-कोटखाई के लोग बधाई के पात्र हैं।

# जीओसी-इन-सी, आरट्रेक ने राज्यपाल से की भेंट

**सराहना**

» राज्यपाल ने दुर्गम क्षेत्रों में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में भारतीय सेना की सराहना की



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी), आर्मी ट्रेनिंग कमांड (आरट्रेक) लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र शर्मा ने आज लोक भवन में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने देश की संप्रभुता की रक्षा तथा दुर्गम क्षेत्रों एवं सीमावर्ती इलाकों में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में भारतीय सेना की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने सशस्त्र बलों की पेशेवर दक्षता, समर्पण और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे हर परिस्थिति में राष्ट्र की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।

गुप्ता ने शिमला स्थित आर्मी ट्रेनिंग कमांड द्वारा भारतीय सेना की प्रशिक्षण क्षमता और ऑपरेशनल तैयारी को सुदृढ़ करने में दिए जा रहे योगदान की भी सराहना की। उन्होंने सशस्त्र बलों की ताकत बढ़ाने के लिए निरंतर आधुनिकीकरण, उन्नत प्रशिक्षण और तकनीकी अनुकूलन के महत्व पर बल दिया।

लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र शर्मा ने राज्यपाल को आरट्रेक द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण पहलों और गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन प्रशिक्षण पहलों का उद्देश्य सेना के जवानों की तैयारियों और दक्षता को बढ़ाना है। उन्होंने इस अवसर पर राज्यपाल को एक कॉफी टेबल बुक भी भेंट की।

# एसजेवीएन ने कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया




**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने बताया कि एसजेवीएन ने शिमला स्थित कारपोरेट मुख्यालय में अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहले न केवल संगठन में संवेदना और सामाजिक दायित्व की संस्कृति को सुदृढ़ करती हैं, अपितु स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सहयोग देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। रक्तदान शिविर का उद्घाटन अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक) द्वारा पार्थजीत डे, निदेशक (वित्त), पंकज पोरवाल, मुख्य सतर्कता अधिकारी और एसजेवीएन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अजय कुमार शर्मा द्वारा कर्मचारियों और अन्य प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित स्वैच्छिक सेवा भावना की सराहना की गई। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एसजेवीएन ऐसी और इस प्रकार की और अधिक गतिविधियों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है, जो समाज में सार्थक योगदान देती हैं और दूसरों को भी इस पुनीत कार्य में शामिल होने के लिए प्रेरित करती हैं। इस अवसर पर अजय कुमार शर्मा और उनकी धर्मपत्नी, शैली शर्मा, संरक्षिका, सतलुज लेडीज़ क्लब, शिमला ने रक्तदान किया।

पार्थजीत डे ने स्वैच्छिक रक्तदाताओं की सराहना की और इस बात पर बल दिया कि रक्तदान जीवन बचाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के शिविरों का नियमित आयोजन स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने में सहयोग के साथ-साथ कर्मचारियों के मध्य एकता एवं मानवीय मूल्यों की भावना को भी बढ़ावा देता है। इस शिविर के दौरान, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, सतलुज लेडीज़ क्लब (शिमला) और कारपोरेट मुख्यालय,शिमला में तैनात संविदारत कर्मचारियों द्वारा इस जीवन-रक्षक कार्य के लिए पूरे उत्साह के साथ स्वेच्छा से 200 से अधिक यूनिट का रक्तदान किया गया।

## हिमकैप्स में गुरप्रीत, अकांक्षा व शिवानी बनी मिस फ्रेशर

**राजन पुरी**

**ऊना।** हिमकैप्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग बढ़ेड़ा में नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि आत्मा राम, चेयरमैन विक्रमजीत सिंह व प्रधानाचार्य ए कार्तिकेय सेल्वी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उगावल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग की गुरप्रीत को मिस फ्रेशर, नताशा को मिस पर्सनेलिटी, कशिश को मिस क्यूट नियुक्त किया गया। वहीं जीएनएम की अकांक्षा को मिस फ्रेशर, प्रांजल को मिस पर्सनेलिटी व सिमरन ठाकुर को मिस क्यूट चुना गया।

## हिमाचल प्रदेश ने एलायंस एयर के साथ उड़ानों के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** निदेशक, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विवेक भाटिया ने आज यहां बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने क्षेत्रीय हवाई सम्पर्क को सुदृढ़ करने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एलायंस एयर लिमिटेड के साथ दिल्लीदूशिमला तथा शिमलादूधर्मशाला मार्गों पर दैनिक उड़ानें संचालित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह पहल राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली व राजधानी शिमला तथा धर्मशाला के बीच सीधा हवाई सम्पर्क स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत दोनों मार्गों पर सप्ताह के सातों दिन उड़ान सेवाएं संचालित की जाएगी।

विवेक भाटिया ने बताया कि संचालन विवरण के अनुसार प्रस्तावित उड़ानें एटीआर 42-600 विमान द्वारा संचालित की जाएगी, जिसमें 48 सीटों की क्षमता उपलब्ध होगी। इन उड़ानों का वाणिज्यिक संचालन अप्रैल, 2026 के अंतिम सप्ताह में आरम्भ किया जाएगा। यह एमओयू संचालन शुरू होने की तिथि से 12 माह की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि दोनों मार्गों के संचालन के लिए 100 प्रतिशत व्यवहार्यता अंतर भुगतान (वीजीएफ) राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। यह राशि पूर्णतः अनुदान के रूप में एलायंस एयर को प्रदान की जाएगी। कुल अनुमानित वार्षिक वीजीएफ व्यय 32.64 करोड़ रुपये आंका गया है।

निदेशक ने बताया कि यह एमओयू न केवल राष्ट्रीय राजधानी और शिमला के मध्य सीधा हवाई सम्पर्क स्थापित करेगा, बल्कि राज्य के भीतर शिमला -धर्मशाला कनेक्टिविटी को भी सशक्त बनाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### घरेलू सिलेंडरों के दुरुपयोग रोकने के लिए मार्च व अप्रैल में 2007 निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** निदेशक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कुमद सिंह की अध्यक्षता में आज यहां सभी जिला नियन्त्रकों के साथ गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर समीक्षा बैठक की गई।

निदेशक ने कहा कि गैस सिलेंडरों की प्राप्ति और वितरण पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा घरेलू सिलेंडरों का दुरुपयोग न हो इसके लिए लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं।

मार्च व अप्रैल, 2026 में घरेलू सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकने के लिए 2007 निरीक्षण किए गए तथा 85 सिलेंडर जब्त किये गये हैं। इस अवधि में पेट्रोल व डीजल की जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के लिए 187 निरीक्षण किए गए। सीमावर्ती जिलों में कार्यरत प्रवासी श्रमिकों को 5 किलो ग्राम सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

उपभोक्ताओं को घरेलू सिलेंडर ऑनलाइन बुकिंग तथा ओ.टी.पी. के माध्यम से उपलब्ध करवाए जा रहे हैं ताकि सभी पात्र उपभोक्ता गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकें और अनावश्यक जमाखोरी रोकी जा सके।

घरेलू गैस सिलेंडरों की लगातार प्राप्ति हो रही है तथा प्रदेश में पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति टोल फ्री नम्बर 1967 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

### ऐतिहासिक चम्बा चौगान में मनाया जाएगा जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह



**हामिद खान**

**चंबा।** हिमाचल दिवस (15 अप्रैल) के उपलक्षय में जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन आज उपायुक्त मुकेश रेपसवाल कि अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि हिमाचल दिवस समारोह का आयोजन ऐतिहासिक चम्बा चौगान में किया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि 15 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चम्बा, डाइट तथा स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त पुलिस बल के जवान एवं विद्यालयों के एनसीसी कैडेट परेड में भाग लेंगे।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करना सुनिश्चित बनाएं। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 211.47 करोड़ का वार्षिक बजट स्वीकृत



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने आज यहां बोर्ड की 54वीं निदेशक मंडल बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्य के निर्माण श्रमिकों के कल्याण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

अध्यक्ष ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 211.47 करोड़ रुपये के वार्षिक बजट को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें से 105 करोड़ रुपये विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के अंतर्गत पंजीकृत लाभार्थियों के हित में निर्धारित किए गए हैं।

कौशल विकास और सतत आजीविका के महत्त्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि पंजीकृत श्रमिकों तथा उनके आश्रितों के लिए रोज़गार के बेहतर अवसर सुनिश्चित करने के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। श्रमिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों के लिए भी बजट का प्रावधान किया गया है ताकि कल्याणकारी योजनाओं और अधिकारों की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचाई जा सके।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बोर्ड का मुख्यालय पुराने एसडीएम कार्यालय से स्थानांतरित कर हमीरपुर के नए बस स्टैंड स्थित निर्माणाधीन भवन में स्थापित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, श्रमिकों तक सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 100 'श्रमिक मित्र' को आउटसोर्स आधार पर नियुक्त करने को मंज़ूरी दी गई। साथ ही सभी पात्र लाभार्थियों को हिमकेयर योजना से जोड़ने का निर्णय लिया गया।

## राज्य स्तरीय हरोली उत्सव में 14 को लगेगा रोजगार मेला

**राजन पुरी**

**ऊना।** जिला ऊना में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के तहत रोजगार विभाग द्वारा भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने जानकारी दी कि यह रोजगार मेला 14 अप्रैल को सुबह 10 बजे हरोली मैदान रोड़ा में आयोजित होगा।

इसमें 20 से अधिक उद्योगों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। अक्षय शर्मा ने बताया कि यह रोजगार मेला युवाओं के लिए उद्योगों में इंटरव्यू के जरिए सीधे चयन का एक बड़ा अवसर है। उन्होंने बताया कि 10वीं, 12वीं, आईटीआई, बी फार्मा, एम फार्मा, बीटेक, डिप्लोमा, बीकॉम, एमकॉम, बीए, बीएससी, एमएससी योग्यताधारी अभ्यर्थी रोजगार मेले में आयोजित होने वाले साक्षात्कार में हिस्सा ले सकते हैं।

## भाजपा का स्थापना दिवस बूथ नंबर 16 नाभा में उत्साह, गरिमा और संगठनात्मक अनुशासन के साथ मनाया गया





**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** बूथ नंबर 16, नाभा में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस उत्साह, गरिमा और संगठनात्मक अनुशासन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्त्ताओं, पदाधिकारियों तथा स्थानीय समर्थकों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए राष्ट्र सेवा के संकल्प को पुनः दोहराया। इस अवसर पर सामाजिक सरोकार के तहत कार्यकर्ताओं ने आंगनवाड़ी केंद्र के नन्हे बच्चों को कॉपी, पेंसिल और फल वितरित किए। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यकर्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के प्रति प्रेरित किया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और सेवा भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया : डॉ सिकंदर कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** आज भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस पूरे उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर जिला हमीरपुर के नादौन विधानसभा के बूथ नंबर 84 में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी का ध्वज फहराकर और महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इस अवसर पर पार्टी की विकास यात्रा, अंत्योदय के संकल्प और राष्ट्र निर्माण में भाजपा के योगदान पर प्रकाश डाला व सार्थक चर्चा की

भाजपा के स्थानीय नेतृत्व ने कहा, आज का दिन हमारे उन करोड़ों कार्यकर्ताओं के समर्पण को नमन करने का है, जिनके अथक परिश्रम से पार्टी आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित है।

हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सेवा ही संगठन के मंत्र के साथ राष्ट्र की प्रगति के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## 10 अप्रैल को सरकार के खिलाफ हल्ला बोल करेगी भाजपा : सतपाल सिंह सत्ती



**राजन पुरी**

**ऊना।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 10 अप्रैल को जिला मुख्यालय ऊना में बड़ा रोष प्रदर्शन करने का ऐलान किया है।

पार्टी कार्यकर्ता इस दिन पार्टी कार्यालय से उपायुक्त (डीसी) कार्यालय तक रैली निकालकर सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराएंगे। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने सरकार पर लगातार जनता पर आर्थिक बोझ डालने और टैक्स के नाम पर शोषण करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

सत्ती ने आरोप लगाया कि पहले टोल दरों में वृद्धि की गई और जब जनता में विरोध बढ़ा तो सरकार ने इसे वापस लेने का भ्रम फैलाया, जबकि हकीकत में प्रवेश शुल्क को 70 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पहले हिमाचल में प्रवेश शुल्क 40 रुपये था, जिसे पूर्व भाजपा सरकार के समय स्थानीय लोगों के लिए समाप्त कर दिया गया था। लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार ने इसे फिर लागू करते हुए बढ़ोतरी की और अब इसे और अधिक बढ़ाकर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। सत्ती ने कहा कि भाजपा इस तरह की जनविरोधी नीतियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

## किसानों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**राजन पुरी**

**ऊना।** कुटलैहड़ नेचुरल्स फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की ओर से बंगाणा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बल्ह में किसानों और ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत हुआ, जिसमें करीब 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का ायोजन डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकि एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी सोलन के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया गया। विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को खाद्य प्रसंस्करण, उद्यमिता और मूल्य संवर्धन की जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. अतुल डोगरा और प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा डॉ. प्यारो देवी ने भी किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने और कम लागत में अधिक उत्पादन के तरीके बताए।

## चंबा के 10 एएनओ बने सेकंड ऑफिसर, छह स्थानीय अधिकारियों को मिला लेफ्टिनेंट स्तर का दर्जा



**हामिद खान**

**चंबा।** जिला चंबा के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के कुल 10 एसोसिएट एनसीसी अधिकारी (एएनओ) ने प्री-कमीशन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम मई 2024 बैच को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। यह प्रशिक्षण ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, कैंप्टी (महाराष्ट्र) में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण उपरांत सभी अधिकारियों को औपचारिक रूप से एनसीसी के एएनओ कैडर में सम्मिलित किया गया, जहां उन्हें सेकंड ऑफिसर (लेफ्टिनेंट स्तर) का दर्जा प्रदान किया गया।

इन सफल अधिकारियों में जिला चंबा से धीरज सिंह (प्रवक्ता भूगोल,पी एम श्री, बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा, कमलेश (जीएसएसएस खन्नी), सुरिंदर (जीएसएसएस बाथरी), गौरव (जीएसएसएस ककीरा), ओम प्रकाश (जीएसएसएस नूरपुर) तथा मनोज पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तीसा सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं, जिन्होंने इस उपलब्धि को हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। इसके अतिरिक्त रविन्द्र कुमार (प्रवक्ता वाणिज्य, जीएसएसएस बगधार) ने भी यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

इन अधिकारियों की प्रमुख जिम्मेदारियों में एनसीसी कैडेट्स का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन, परेड व शिविरों का आयोजन, अनुशासन एवं नेतृत्व विकास गतिविधियों का संचालन तथा संस्थानों के प्रशासनिक कार्यों में सहयोग शामिल है। हाल ही में आयोजित पाइपिंग सेरेमनी के दौरान इन अधिकारियों को कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से रैंक प्रदान की गई।

इस अवसर पर सभी एएनओ ने एचपी बटालियन एनसीसी डलहौजी तथा ओटीए कैंप्टी के प्रशिक्षण स्टाफ का उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।